मार्गशीर्ष कृष्ण - 11 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 133 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » शुक्रवार » 08-12-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 गौतम गंभीर ने मुझे फिक्सर कहा : श्रीसंत

6 निरंतर श्रम, संयम के बिना जीवन व्यर्थ

7 पद की गरिमा तब रहती है जब आदमी ज्यादा से ज्यादा झुके : जगदीप धनखड

## फर्स्ट टेक

### कलबुर्गी में दिनदहाड़े वकील की हत्या

**कलबुर्गी।** कर्नाटक के कलबुर्गी शहर में बृहस्पतिवार को दिनदहाड़े एक हमलावर ने एक वकील की हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज में धारदार हथियार से लैस हमलावर को वकील का पीछा करते देखा जा सकता है। फुटेज में वकील अपनी जान बचाने के लिए भागता नजर आ रहा है। पुलिस ने बताया कि हत्यारे ने वकील पर धारदार हथियार से हमला करने से पहले लगभग आधा किलोमीटर तक उसका पीछा किया और फिर उसके सिर को पत्थर से कुचल दिया। पुलिस को हत्या के पीछे भूमि विवाद से जुड़ी पुरानी रंजिश होने का संदेह है। यूनिवर्सिटी थाना पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### पूर्व सैनिकों को बिजनेस स्कूल में छात्रवृत्ति मिलेगी

**नई दिल्ली/वार्ता।** रक्षा मंत्रालय के पूर्व सैनिक कल्याण विभाग ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर गुरुवार को पूर्व सैनिकों को छात्रवृत्ति देने के लिए इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के साथ सहयोग की घोषणा की। इस के तहत इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस पोस्ट ग्रेजुएट और एडवांस्ड मैनेजमेंट प्रोग्रामों में सेवा निवृत कर्मियों को 50 प्रतिशत ट्यूशन फीस छूट प्रदान करेगा जिसकी राशि प्रति वर्ष कुल 2.3 करोड़ रुपये तक होगी। इससे प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष में 22 पूर्व सैनिक लाभान्वित होंगे। इस सहयोग का उद्देश्य सशस्त्र बलों के कर्मियों और सेवानिवृत्त सैनिक के पास पहले से मौजूद कौशल को बेहतर बनाने के लिए नवीनतम और गहन प्रबंधन कौशल प्रदान करना है। पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के सचिव विजय कुमार सिंह ने रक्षा मंत्रालय के साथ सहयोग करने के लिए इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अधिकांश सशस्त्र बल कर्मी कम उम्र में सेवानिवृत्त हो जाते हैं और देश की सेवा करने के लिए अनुशासन, उत्साह और ऊर्जा से भरे होते हैं।

### अमेरिका यूक्रेन से दूर जाने के लिए तैयार नहीं : बाइडेन

**वाशिंगटन/वार्ता।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बुधवार को कहा कि वह यूक्रेन से दूर जाने के लिए तैयार नहीं हैं और उनका मानना है कि अमेरिकी लोग भी तैयार नहीं हैं जबकि कीव को समर्थन जारी रखने के लिए उपलब्ध धन समाप्त हो रहा है। बाइडेन ने कहा ''हम यूक्रेन के साथ रहने के लिए तैयार हैं, हमारे यूरोपीय मित्र भी हैं। अमेरिका में कौन उससे दूर जाने के लिए तैयार है मैं आपको बताता हूं, मैं दूर जाने के लिए तैयार नहीं हूं। उन्होंने अपनी टिप्पणी में अमेरिकी सांसदों से उनके तत्काल राष्ट्रीय सुरक्षा पूरक पैकेज को पारित करने का आग्रह किया।

# कार्यकर्ताओं की जीत है तीन राज्यों में भाजपा की जीत : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रचंड जीत को सभी कार्यकर्ताओं की सामूहिक जीत बताते हुए सभी भाजपा सांसदों का आह्वान किया कि वे 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए जी जान से जुट जायें और सरकार की योजनाओं खासकर विश्वकर्मा योजना का प्रचार प्रसार करें।

संसद के पुस्तकालय भवन के जीएमसी बालयोगी सभागार में भाजपा संसदीय दल की बैठक में मोदी का सांसदों ने अभिनंदन किया। भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी, राज्यसभा में नेता सदन एवं केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल, अश्विनी चौबे, आदि मौजूद थे।

सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी के सभागार में आने पर सांसदों ने तालियां बजा कर स्वागत किया और बाद में मध्यप्रदेश, राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ में भाजपा की प्रचंड जीत पर अभिनंदन करते हुए नड्डा ने उन्हें माला पहनायी। मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि तीनों राज्यों में जीत भाजपा के कार्यकर्ताओं की सामूहिक जीत है। उन्होंने कहा कि यह केवल दिल्ली में बैठे नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की जीत नहीं है बल्कि उनकी भी जीत है जिन्होंने पार्टी को खड़ा करने में अपना जीवन खपा दिया और आज वे स्वर्ग में हैं। मोदी ने पार्टी के सांसदों का आह्वान किया कि वे अब लोकसभा चुनावों के लिए कमर कस लें और काम पर लग जाएं। जनता के बीच विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर जनजागृति पैदा करें।



■ शासन के लिए भाजपा लोगों की सबसे पसंदीदा पार्टी बन गई है

### विकास का एजेंडा फैलाने का आदर्श तरीका है 'विकसित भारत दूत' बनना

नई दिल्ली/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को लोगों से 'विकसित भारत दूत' बनने का आग्रह करते हुए कहा कि यह विकास के एजेंडे को फैलाने और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के मिशन को पूरा करने के लिए अपनी ऊर्जा का उपयोग करने का एक आदर्श तरीका है। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 140 करोड़ भारतीयों ने दुनिया को दिखाया है कि लोगों द्वारा संचालित विकास क्या होता है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''विकसित भारत दूत होना हमारी ताकत को जोड़ने, विकास के एजेंडे को फैलाने और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के हमारे मिशन को पूरा करने के लिए अपनी ऊर्जा का उपयोग करने का एक आदर्श तरीका है।'' उन्होंने कहा, ''आइए हम नमो ऐप पर साइनअप करके और विकसित भारत एंबेसडर मॉड्यूल में सरल लेकिन अत्यधिक प्रभावशाली कार्यों को करने की 100 दिन की चुनौती को स्वीकार करके इस जन आंदोलन में शामिल हों।''

### देशवासियों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने का आग्रह

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर देश के बहादुर जवानों के साहस, समर्पण और बलिदान को याद करते हुए देशवासियों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने का आग्रह किया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आज, सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर हम अपने बहादुर जवानों के साहस, समर्पण और बलिदान का सम्मान करते हैं। हमारे राष्ट्र की रक्षा में उनका समर्पण अनुपम है। मैं आप सभी से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने का भी आग्रह करता हूं।'' सशस्त्र सेना झंडा दिवस, सशस्त्र बलों में शहीदों और सैनिकों के सम्मान के लिए प्रतिवर्ष सात दिसंबर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य सैनिकों द्वारा राष्ट्र के प्रति किए गए निस्वार्थ योगदान के लिए उनका आभार जताना है।



## रेवंत रेड्डी ने ली तेलंगाना के मुख्यमंत्री पद की शपथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/वार्ता।** तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस समिति (टीपीसीसी) के अध्यक्ष अनुमाला रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन ने लाल बहादुर स्टेडियम में आयोजित भव्य समारोह में रेड्डी (54) को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी।

भट्टी विक्रमार्क ने उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। रेड्डी और भट्टी के अलावा नौ अन्य विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली, जिनमें दो महिलाएं शामिल हैं।

जिन विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलायी गयी, उनमें सर्वश्री उत्तम कुमार रेड्डी, डी श्रीधर बाबू, कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी, तुम्मला नागेश्वर राव, दामोदर राजनरसिम्हा, डी अनसूया (सीथक्का के नाम से मशहूर), पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी, पोन्नम प्रभाकर गौड़ और कोंडा सुरेखा शामिल हैं।

### राजस्थान में मुख्यमंत्री का फैसला विधायक दल की बैठक के बाद होगा : सीपी जोशी

**जयपुर/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि मुख्यमंत्री को लेकर कोई भी फैसला पार्टी की विधायक दल की बैठक के बाद किया जाएगा। जोशी ने कहा कि विधायक अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में हैं और बैठक तय होते ही जयपुर आ जायेंगे। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के बाद विधायक दल की बैठक बुलाई जाएगी, जिसके बाद आगे प्रक्रिया पूरी होगी।''

## फरवरी में पेश होने वाले बजट में कोई 'बड़ी घोषणा' नहीं होगी : वित्तमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि एक फरवरी, 2024 को पेश किए जाने वाले बजट में कोई बड़ी घोषणा नहीं होगी। उन्होंने कहा कि यह आम चुनाव से पहले पेश होने वाला लेखानुदान होगा। यह सीतारमण का छठा बजट होगा।

सीतारमण ने सीआईआई-वैश्विक आर्थिक नीति मंच को संबोधित करते हुए कहा कि अगले साल अप्रैल-मई में होने वाले आम चुनावों के बाद चुनी हुई नई सरकार वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट जुलाई में पेश करेगी।

सीतारमण एक फरवरी, 2024 को लोकसभा में एक अप्रैल, 2024 से शुरू होने वाले वित्त वर्ष के लिए अंतरिम बजट पेश करेंगी। उन्होंने कहा, ''...यह सच है कि एक फरवरी, 2024 को जो बजट घोषित किया जाएगा। यह सिर्फ लेखानुदान होगा। इसका कारण अप्रैल-मई में होने वाला आम चुनाव है। इसीलिए सरकार जो बजट पेश करेगी वह सिर्फ तबतक के लिए सरकारी खर्चों को पूरा करने को लेकर होगा जबतक कोई नई सरकार नहीं बन जाती।'' यह पूछे जाने पर कि क्या वह फरवरी में पेश होने वाले बजट में बड़ी-बड़ी घोषणाएं करेंगी, उन्होंने कहा, ''उस समय (लेखानुदान में) कोई बड़ी घोषणा नहीं होगी। अत: आपको नई सरकार के आने तथा जुलाई, 2024 में पेश होने वाले पूर्ण बजट तक इंतजार करना होगा।''

### विधायक निर्वाचित हुए भाजपा के नौ लोकसभा सदस्यों के इस्तीफे स्वीकार

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उन नौ सांसदों के इस्तीफे स्वीकार कर लिए हैं जिन्होंने हालिया विधानसभा चुनावों में विधायक निर्वाचित होने के बाद बुधवार को त्यागपत्र दिए थे। बिरला ने बृहस्पतिवार को सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर इस बारे में सभा को सूचित किया। लोकसभा अध्यक्ष ने सदन को बताया कि राजस्थान प्रदेश के जयपुर ग्रामीण से सांसद राज्यवर्धन राठौड़, राजसमंद से दीया कुमारी, मध्य प्रदेश के मुरैना से नरेन्द्र सिंह तोमर, दमोह से प्रह्लाद पटेल, जबलपुर से राकेश सिंह, सीधी से रीति पाठक, होशंगाबाद से उदय प्रताप सिंह तथा छत्तीसगढ़ के रायगढ़ से गोमती साय और बिलासपुर से सांसद अरुण साव ने इस्तीफा दिया है। उन्होंने कहा, ''मैंने इन सदस्यों के त्यागपत्र को छह दिसंबर, 2023 की तिथि से स्वीकार कर लिया है।'' केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और प्रह्लाद सिंह पटेल समेत भाजपा के 10 सांसदों ने बुधवार को इस्तीफा दिया था।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को बाढ़ प्रभावित उत्तरी तमिलनाडु का हवाई सर्वेक्षण किया तथा चक्रवात 'मिगजॉम' के कारण हुए नुकसान पर मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के साथ बातचीत की। मूसलाधार बारिश और बाढ़ से प्रभावित चेन्नई और इसके आसपास के इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद सिंह ने यहां सचिवालय में स्टालिन से मुलाकात की।

इस दौरान सिंह को चक्रवात, इससे हुए नुकसान और केंद्र से अपेक्षित आवश्यक राहत के बारे में जानकारी दी गई। केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन भी रक्षा मंत्री के साथ मौजूद थे। उत्तरी तमिलनाडु में चेन्नई, कांचीपुरम, चेंगलपेट और तिरुवल्लूर चक्रवात और भारी बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। राज्य सरकार पहले ही केंद्र सरकार से 5,060 करोड़ रुपये की अंतरिम राहत की मांग कर चुकी है।



### सशस्त्र बल कोष में दिल खोल कर दान दें देशवासी : राजनाथ

नई दिल्ली/वार्ता। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देशवासियों से अपील की है कि वे सशस्त्र बल झंडा दिवस (एएफएफडी) कोष में दिल खोलकर दान करें और वीर नारियों, पूर्व सैनिकों तथा उनके परिवारों का कल्याण सुनिश्चित करने के सरकार के प्रयास का हिस्सा बनें। सिंह ने हर वर्ष 7 दिसंबर को मनाए जाने वाले सशस्त्र बल झंडा दिवस पर गुरुवार को अपने संदेश में कहा कि यह प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है कि कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पूर्व सैनिकों, युद्ध विधवाओं और उनके आश्रितों की देखभाल, सहायता, पुनर्वास और उपचार के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों में योगदान दें। उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित करना हमारा सामूहिक कर्तव्य है कि उन्हें हम सभी से उचित सम्मान मिले।

| 08-12-2023 सूर्यास्त | 09-12-2023 सूर्योदय |
|---|---|
| 5:42 बजे | 6:19 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 69,521.69 | 20,901.15 |
| (-132.04) | (-36.55) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,565 रु. | 83,500 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### महानगरीय चक्रव्यूह

दिल्ली में आकाश विषैला,
चेन्नई में तूफान है।
मुंबई भी बेचैन हो रही,
बेंगलूरु हैरान है।
कलकत्ता में उठापटक है,
बाकी सब हलकान है।
महानगरों के चक्रव्यूह में,
फँसी देश की जान है।।

## 'उड़ान' योजना से बढ़ी विमान यात्रियों की संख्या : सिंधिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** सरकार ने गुरुवार को लोकसभा को बताया कि विमान यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी में 'उड़ान' योजना कारगर साबित हो रही है।

नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि 2014 के बाद नौ साल में विमान यात्रियों की संख्या छह करोड़ से बढ़कर 14 करोड़ हो गयी है जो 2030 तक तीन गुना बढ़ोतरी के साथ 42 करोड़ पहुंच जाने की संभावना है। विमान यात्रियों की संख्या में इस बढ़ोतरी में 'उड़ान' योजना भी कारगर साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत 76 हवाई अड्डों से उड़ानें शुरू की गयी हैं और आंकड़े बताते हैं कि छोटी सी अवधि में एक करोड़ 30 लाख लोग 'उड़ान' योजना के तहत हवाई यात्रा कर चुके हैं। उन्होंने एक अन्य पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि सरकार ने देश को नये नागर विमानन युग में ले जाने के संकल्प के साथ एयर इंडिया का विनिवेश किया है और इसके साथ ही यह देखने को मिला है कि एयर इंडिया में पहले 400 विमानों का बेड़ा था लेकिन विनिवेश होने के साथ इस विमानन कंपनी ने एक साथ 470 विमानों की खरीद के लिए करार किया है। इसका फायदा देश के विमान यात्रियों को निश्चित ही मिलेगा।

### इजराइल ने की संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुतारेस की आलोचना

**यरूशलम/भाषा।** संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस की तीखी आलोचना करते हुए इजराइल ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनका कार्यकाल ''विश्व शांति के लिए खतरा है।'' गुतारेस ने गाजा में आसन्न ''मानवीय तबाही'' के बारे में सुरक्षा परिषद को चेतावनी देने के लिए विशेष शक्ति का इस्तेमाल किया और परिषद से तत्काल मानवीय आधार पर युद्धविराम की मांग करने का आग्रह किया। बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 15 सदस्यों को लिखे एक पत्र में गुतारेस ने कहा कि दो महीने के युद्ध के बाद गाजा की मानवीय प्रणाली ढहने का खतरा है, जिसने ''भयानक मानवीय पीड़ा, विनाश और सामूहिक आघात'' पैदा किया है। नागरिकों को नुकसान से बचाए जाने का उल्लेख करते हुए गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 99 का उपयोग किया, जिसमें कहा गया है कि महासचिव यूएनएससी को उन मामलों के बारे में सूचित कर सकते हैं जो उन्हें लगता है कि अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए खतरा हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय समुदाय की जिम्मेदारी है कि वह इस संकट को और बढ़ने से रोकने और खत्म करने के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल करे।''

## रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा केंद्रों पर हमले तेज किए, मानवीय स्थिति खराब : संयुक्त राष्ट्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**संयुक्त राष्ट्र/एपी।** संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि यूक्रेन के ऊर्जा केंद्रों पर तेज हो रहे रूस के हमलों से युद्धग्रस्त देश में मानवीय स्थिति और अधिक बिगड़ रही है। सहायक महासचिव मिरोस्लाव जेंका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि यूक्रेन के अहम असैन्य बुनियादी ढांचे पर रूस के रोजाना हमलों में कई लोगों की मौत हुई है और मॉस्को ने राजधानी कीव समेत रिहायशी इलाकों में अपनी गोलाबारी तेज कर दी है। उन्होंने कहा, ''सैन्य और असैन्य बुनियादी ढांचे के खिलाफ सभी हमले तुरंत बंद होने चाहिए। अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत ये निषिद्ध हैं और पूरी तरह अस्वीकार्य हैं।'' जेंका ने यूक्रेन के सभी चारों परमाणु ऊर्जा संयंत्रों पर खतरे की आशंका भी जताई।



संयुक्त राष्ट्र के मानवीय समन्वयक रमेश राजासिंघम ने परिषद में कहा, ''मौत, घायल होने और अहम असैन्य बुनियादी ढांचों के विनाश का स्तर चौंकाने वाला है।'' उन्होंने कहा, ''लोगों के पास बिजली और पानी नहीं है खासतौर से पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्र में। हाड़ कंपा देने वाली ठंड के बीच यह क्षति बुजुर्ग और दिव्यांगों समेत सबसे कमजोर लोगों के अस्तित्व को खतरे में डाल रही है।''

### रूस में 17 मार्च को राष्ट्रपति चुनाव, पुतिन का पद पर बरकरार रहना लगभग तय



**मॉस्को/एपी।** रूस के सांसदों ने बुधवार को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए पांचवीं बार चुनाव लड़ने का मार्ग प्रशस्त करते हुए देश में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कराने की तारीख 17 मार्च 2024 तय की।

पुतिन (71) ने अभी तक चुनाव लड़ने के अपने इरादे की घोषणा नहीं की है लेकिन चुनाव की तारीख तय होने के साथ उनके आगामी दिनों में ऐसा करने की उम्मीद है।

# प्रधानमंत्री मोदी ओबीसी, ईबीसी वर्ग का सबसे बड़ा चेहरा, बिहार में सभी 40 सीट जीतेंगे: नित्यानंद राय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) वर्ग का सबसे बड़ा चेहरा बताते हुए दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी बिहार की सभी 40 सीटें जीतकर राजद-जदयू-कांग्रेस गठबंधन को धराशायी करेगी।

उन्होंने बिहार में जनता दल (यूनाइटेड), राष्ट्रीय जनता दल(राजद) और कांग्रेस गठबंधन की चुनौती को सिरे से नकारते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार की विकास योजनाओं को पूरे देश ने स्वीकार किया है, इसका प्रभाव और लाभ सभी को है और इसमें बिहार भी शामिल है।'' नित्यानंद राय ने 'पीटीआई वीडियो' से साक्षात्कार में कहा, '' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बड़ा देश में ओबीसी समाज का कोई चेहरा नहीं है। ईबीसी समाज में भी उनसे (मोदी) बड़ा कोई चेहरा नहीं है। प्रधानमंत्री की तरह ओबीसी और ईबीसी समाज के लिए काम करने वाला और कोई दूसरा नेता नहीं है।'' राय से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेताओं के उस बयान के बारे में पूछा गया था कि नीतीश कुमार देश में ओबीसी समाज के सबसे विश्वसनीय चेहरा हैं।

गृह राज्य मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता राय ने कहा कि प्रधानमंत्री खुद ओबीसी समाज से



आते हैं और महागरीब परिवार में जन्मे हैं, ओबीसी वर्ग का उनसे बड़ा शुभचिंतक और कोई नहीं हो सकता है। यह पूछे जाने पर कि बिहार में जदयू-राजद-कांग्रेस गठबंधन की चुनौती से भाजपा नीत राजग कैसे निपटेगा, भाजपा नेता ने कहा, '' कोई चुनौती नहीं है । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास योजनाओं को पूरे देश ने स्वीकार किया है और इसमें बिहार भी शामिल है।'' नित्यानंद राय ने दावा किया, '' बिहार जाति बंधन से मुक्त होकर आगे बढ़ चला है। इसलिए हम बिहार की 40 में से 40 सीटें जीतेंगे।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चार प्रकार के वर्ग की बात की है जिसमें महिला, युवा, किसान और गरीब हैं और जाति की बात भी कहें तो आज यही चार जातियां हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सभी के कल्याण की बात करती है और मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान में बड़ी जीत तथा तेलंगाना एवं मिजोरम में बेहतर प्रदर्शन इसका उदाहरण है।

बिहार में भाजपा द्वारा यदुवंशी समारोह के आयोजन को लेकर राय ने कहा कि भाजपा सर्वस्पर्शी कार्य पद्धति से काम करती है और इसी संदर्भ में गोवर्द्धन पूजा के अवसर पर हाल ही में यदुवंशी समाज के 21 हजार लोग भाजपा में शामिल हुए थे।

यह पूछे जाने पर कि राजद नेता लालू प्रसाद ने इस कदम को यादव समाज को बांटने की भाजपा की साजिश बताया था, राय ने कहा, '' हम लोग बांटने की साजिश नहीं करते हैं । यादव समाज को अन्य समाज से अलग करने का काम लालू जी ने किया।''

तेलंगाना के नये मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के पिछले दिनों दिये बयान के बारे में एक प्रश्न के उत्तर में भाजपा नेता ने कहा, '' यह आपत्तिजनक बयान है । यह कांग्रेस के संस्कार को दर्शाता है। इस बयान से बिहार के लोगों का अपमान हुआ है और उन्हें माफी मांगनी चाहिए।''

# राष्ट्रपति ने शिक्षा प्रणाली में कुछ बदलाव की जरूरत को रेखांकित किया, एआई को खतरा नहीं माना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश के समावेशी विकास के लिए प्रबंधन संस्थानों में शिक्षा प्रणाली में कुछ बदलाव लाने की जरूरत है।

राष्ट्रपति ने यहां 'लक्ष्मीपत सिंघानिया-आईआईएम लखनऊ नेशनल लीडरशिप अवार्ड्स' प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कृत्रिम मेधा (एआई) को प्रबंधन शिक्षा से जोड़ने की मांग की और कहा कि जो इसे जानता है और सही तरीके से इसका इस्तेमाल करता है, उसे अपनी नौकरी जाने का कोई डर नहीं होना चाहिए। मुर्मू ने कहा, ''हमें देश के समावेशी तथा अधिक प्रभावी विकास के लिए प्रबंधन संस्थानों में शिक्षा प्रणाली में कुछ बदलाव लाने की जरूरत है।'' उन्होंने प्रबंधकों, शिक्षाविदों और संस्थान के प्रमुखों से भारतीय प्रबंधन अध्ययन को भारतीय कंपनियों, उपभोक्ताओं और समाज से जोड़ने का आग्रह किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि विदेशों के व्यवसायों के बारे में 'केस स्टडी' और लेखों के बजाय देश में मौजूद भारतीय तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बारे में 'केस स्टडी' लिखी और पढ़ाई जानी चाहिए। उत्तराखंड में निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग से 41 श्रमिकों को बचाए जाने का जिक्र करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि बचाव अभियान की न केवल सराहना की जा रही है बल्कि इस पर नेतृत्व अध्ययन कराने की भी बात हो रही है। उन्होंने कहा, '' यह बहुत अच्छा है और जीवंत विषय है खासतौर पर संकट के वक्त नेतृत्व तथा टीमवर्म के लिहाज से।'' राष्ट्रपति ने एआई पर कहा कि प्रौद्योगिकी नवोन्मेष के कारण बहुत से लोगों में नौकरियां जाने को लेकर भय है।




# देश के जीडीपी में डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान 2026 तक 20% होगा : चंद्रशेखर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गांधीनगर/भाषा।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि 2026 तक देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान 20 प्रतिशत पर पहुंच जाएगा।

चंद्रशेखर गुजरात सरकार द्वारा प्रदेश की राजधानी में हेलीपैड ग्राउंड में आयोजित 'स्टार्टअप कॉन्क्लेव 2023' के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, डिजिटल अर्थव्यवस्था 2014 में जीडीपी का लगभग 4.5 प्रतिशत थी और आज यह 11 प्रतिशत है। 2026 तक डिजिटल अर्थव्यवस्था भारतीय जीडीपी का 20 प्रतिशत या पांचवां हिस्सा होगा।

चंद्रशेखर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2015 में 'डिजिटल इंडिया' कार्यक्रम शुरू करने के समय निर्धारित लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं ने गुणात्मक और मात्रात्मक रूप से हमारी अर्थव्यवस्था, हमारे नवाचार परिवेश और दुनिया में एक राष्ट्र के रूप में हमारी स्थिति को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि भारत की स्थिति लगभग तीन दशक तक प्रौद्योगिकी के उपभोक्ता से बदलकर दुनिया के लिए उपकरणों, उत्पादों और मंच निर्माता की हो गई है।

मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में पिछले नौ साल के दौरान यह एक उल्लेखनीय परिवर्तन था। हमारी अर्थव्यवस्था, जिसपर कभी कुछ समूहों या खंडों का वर्चस्व था, अब एक अत्यधिक विविधता वाली अर्थव्यवस्था बन गई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत अब दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली डिजिटल अर्थव्यवस्था है।

उन्होंने कहा, जिस स्वतंत्र भारत में हम रह रहे हैं, उसके इतिहास में यह सबसे रोमांचक समय है। यह भारत में नवाचार और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए अबतक का सबसे रोमांचक समय है। मैं यह कह रहा हूं कि 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के पदभार संभालने के बाद से हमारा नवाचार परिवेश और डिजिटल अर्थव्यवस्था कितनी आगे बढ़ गई है।

चन्द्रशेखर ने कहा कि स्टार्टअप और नवाचार के लिए सबसे अच्छा समय अभी आना बाकी है क्योंकि अगला दशक इन्हीं के लिए अवसरों का होगा।

# पीएम स्वनिधि योजना के तहत ऋण प्रदान करने का लक्ष्य पार कर चुकी है सरकार : पुरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि कोविड-19 महामारी के दौरान लागू की गयी प्रधानमंत्री पथ विक्रेता आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना बेहद सफल रही है और सरकार रेहड़ी-पटरी वालों को कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान करने के पूर्व निर्धारित लक्ष्य को पार कर चुकी है। आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान बताया कि जब यह योजना शुरू की गयी थी तो 42-43 लाख रेहड़ी-पटरी कारोबारियों को यह ऋण देने की योजना थी, लेकिन यह लक्ष्य पार हो चुका है।

पुरी ने जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद महाबली सिंह के एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 56 लाख वेंडर्स (रेहड़ी-पटरी विक्रेता) पहला ऋण ले चुके हैं और दूसरी तथा तीसरी बार ऋण लेने वाले ऐसे विक्रेताओं



का आंकड़ा 73 लाख के पार पहुंच गया है। आवास और शहरी कार्य मंत्रालय ने एक जून, 2020 को पीएम स्वनिधि योजना शुरू की थी। इस योजना का उद्देश्य रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को कोविड-19 महामारी में बुरी तरह प्रभावित हो चुके उनके व्यवसायों को फिर से शुरू करने के लिए बिना किसी गारंटी के कार्यशील पूंजी ऋण की सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की कोशिश है कि इस योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले ऐसे विक्रेताओं को लाभ मिले और इसके लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है।

इस मामले में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सरकार को सलाह दी कि वह संबंधित परिपत्र दोबारा जारी करें ताकि अधिक से अधिक गरीब विक्रेता इस योजना का लाभ ले सकें।

## प्रेमचंद्रन ने आंगनवाड़ी कर्मियों के लिए विधेयक लाने की मांग लोकसभा में उठाई



**नई दिल्ली/भाषा।** रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) के सांसद एन के प्रेमचंद्रन ने बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार से आग्रह किया कि देश में आंगनवाड़ी कर्मियों के मानदेय और सुविधाएं बढ़ाने के लिए विधेयक लाया जाना चाहिए। उन्होंने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान यह मांग उठाई। प्रेमचंद्रन ने कहा कि देश में आंगनवाड़ी कर्मी खराब हालत में काम करने को मजबूर हैं। उन्होंने मांग की कि आंगनवाड़ी कर्मचारियों को 25,000 रु. प्रतिमाह का मानदेय दिया जाए। उनका कहना था, ''सरकार को इस संबंध में विधेयक लाना चाहिए।'' जनता दल (यू) के सांसद महाबली सिंह ने शून्यकाल में सहारा समूह में निवेशकों के पैसे फंसे होने का मुद्दा उठाया।

# 'प्रेम विवाह में माता-पिता की सहमति अनिवार्य हो, 'लिव-इन' पर रोक के लिए कानून बने'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक सांसद ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में मांग उठाई कि सरकार को देश में 'लिव-इन' संबंधों पर रोक लगाने के लिए कानून बनाना चाहिए और प्रेम विवाहों में माता-पिता की सहमति अनिवार्य की जानी चाहिए।

हरियाणा के भिवानी-महेंद्रगढ़ से लोकसभा सदस्य धर्मवीर सिंह ने निचले सदन में शून्यकाल में यह भी कहा कि देश में प्रेम विवाह बढ़ने की वजह से तलाक के मामले भी बढ़ गए हैं, वहीं 'लिव-इन' संबंधों के कारण ''देश की संस्कृति बर्बाद हो रही है''। सिंह ने कहा कि भारतीय समाज में पारंपरिक रूप से परिवारों द्वारा विवाह तय किए जाते रहे हैं, जिनमें लड़का और लड़की की भी सहमति रहती है। उन्होंने कहा कि ऐसे संबंधों में परिवारों की पृष्ठभूमि को भी प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने दावा किया कि पिछले कुछ वर्षों में देश में अमेरिका और पश्चिमी देशों की तरह तलाक के मामले बढ़ गए हैं और इनका एक महत्वपूर्ण कारण प्रेम विवाह है।

भाजपा सांसद ने कहा कि ऐसे संबंधों में बाद में झगड़े बढ़ जाते हैं और दोनों ओर के 'खानदान' बर्बाद हो जाते हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि प्रेम विवाह के मामलों में लड़का और लड़की के माता-पिता तथा दोनों पक्षों की सहमति को अनिवार्य बनाया जाए।

# मध्यप्रदेश : नई सरकार को लेकर असमंजस कायम

**भोपाल/वार्ता।** मध्यप्रदेश विस चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के चार दिन बाद नई सरकार के गठन पर बने हुए असमंजस के बीच 2 से 3 दिनों में मुख्यमंत्री पद को लेकर स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद जताई जा रही है। पूरी तस्वीर को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं कि आज नई दिल्ली में हुई भाजपा संसदीय दल की बैठक के बाद कुछ हद तक इस असमंजस को लेकर स्थिति साफ हो सकती है। इसके पहले कल भी नई दिल्ली में भाजपा के शीर्ष नेताओं के बीच अनौपचारक बैठकें हुईं हैं। कल ही राज्य के उन सभी सांसदों, जिन्होंने हालिया विस चुनाव में जीत हासिल की है, ने सांसद पद से इस्तीफे दे दिए। ऐसे में अब मुख्यमंत्री पद को लेकर कई प्रकार की अटकलें लगाईं जा रही हैं।

राज्य में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के अलावा केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के अलावा पार्टी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय का नाम भी मुख्यमंत्री पद के लिए प्रमुखता से सामने आ रहा है। इनमें से श्री तोमर, श्री पटेल, श्री सिंधिया और श्री शर्मा जहां इन दिनों दिल्ली में हैं, वहीं मुख्यमंत्री श्री चौहान लगातार राज्य में स्थान-स्थान पर प्रवास कर रहे हैं।

## तंत्र-मंत्र की आड़ में एक युवती से बलात्कार, दो युवक गिरफ्तार

**बाराबंकी (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के रामनगर क्षेत्र के एक गांव में तांत्रिक वेशधारी दो युवकों को तंत्रमंत्र की आड़ में एक युवती के साथ बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि रामनगर थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में बुधवार को तांत्रिक के वेश में झाड़फूंक करने पहुंचे सफदरगंज के बांकीपुर गांव निवासी राहुल (23) और मनोज (24) ने तंत्रमंत्र करके शादी कराने के बहाने से 23 वर्षीय एक लड़की के साथ झोपड़ी में कथित रूप से बलात्कार किया। उन्होंने बताया कि लड़की के चीखपुकार मचाने पर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और राहुल तथा मनोज को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंच गयी और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# नाइजीरिया, फिलीपीन समेत अन्य देशों ने तेजस विमान खरीदने में रुचि दिखाई है : एचएएल प्रमुख

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सी.बी. अनंतकृष्णन ने बृहस्पतिवार को कहा कि नाइजीरिया, फिलीपीन, अर्जेंटीना और मिस्र ने स्वदेशी रूप से विकसित हल्के लड़ाकू विमान 'तेजस' को खरीदने में रुचि दिखाई है। अनंतकृष्णन ने कहा कि संभावित खरीद के लिए इन देशों से बातचीत चल रही है।

अनंतकृष्णन ने एक कार्यक्रम से इतर 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''नाइजीरिया, फिलीपीन और मिस्र हल्के लड़ाकू विमान तेजस को खरीदने के इच्छुक हैं।''

उनसे पूछा गया कि अगर वार्ता सफल हो जाती है तो भारत अर्जेंटीना को तेजस की आपूर्ति कैसे कर पाएगा, क्योंकि विमान के



कुछ कल-पुर्जे ब्रिटेन से मंगवाए गए हैं। इस पर एचएएल के अध्यक्ष ने कहा कि ऐसी सूरत में इसका रास्ता निकाला जाएगा।

वर्ष 1982 के फॉकलैंड युद्ध के बाद ब्रिटेन ने अर्जेंटीना को सैन्य साजो-सामान की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था और खासकर ऐसे साजो-सामान पर, जो ब्रिटेन निर्मित हैं। ब्रिटिश प्रतिबंधों को देखते हुए, यह माना जाता है कि अर्जेंटीना को तेजस की आपूर्ति की सूरत में ब्रिटेन से प्राप्त होने वाले कल-पुर्जे की आपूर्ति भारत के लिए मुश्किल हो सकती है।

जुलाई में, अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री ने रक्षा औद्योगिक साझेदारी को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत का दौरा किया था।



## केरल सरकार ने आबादी वाले क्षेत्रों को 'बफर जोन' से बाहर करने का वादा पूरा किया : विजयन

**कोचि/भाषा।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उनकी सरकार ने वन क्षेत्रों के आसपास बसे इलाकों को 'बफर जोन' से बाहर करने अपना वादा पूरा कर लिया है।

विजयन ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने केरल सरकार की याचिका स्वीकार कर ली है, जिसमें शीर्ष अदालत के तीन जून 2022 के आदेश की समीक्षा की मांग की गई थी। अदालत ने निर्देश दिया था कि देश भर में जंगलों और अभयारण्यों के आसपास एक किलोमीटर का बफर जोन बनाए रखा जाए। मुख्यमंत्री ने एक कार्यक्रम से इतर संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''इसके परिणामस्वरूप यह जांच करने की एक जरूरत पैदा हुई है कि आबादी वाली कोई बस्ती शुरुआती मसौदा अधिसूचना में शामिल है या नहीं, और संशोधित मसौदा अधिसूचना तैयार करते समय इस तरह के क्षेत्रों को बफर जोन से पूरी तरह से हटा दिया जाए।'' विजयन ने यह भी कहा कि शीर्ष अदालत का फैसला उन लोगों की लंबे समय से चली आ रही चिंताओं का समाधान है, जो बफर जोन के निर्धारण से प्रभावित होंगे।


राज्य की विपक्षी पार्टी कांग्रेस और यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ), राज्य सरकार पर इस मुद्दे को लेकर लापरवाही बरतने, कुप्रबंधन दिखाने और लोगों के लिए चीजों को जटिल बनाने का आरोप लगा रही है।

# मराठवाड़ा, विदर्भ के मुद्दों पर चर्चा करके हो रहा है न्याय देने का प्रयास: एकनाथ शिंदे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


**नागपुर/मुंबई/वार्ता।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नागपुर में राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कहा कि विदर्भ और मराठवाड़ा क्षेत्र के किसानों एवं मजदूरों के मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा करके न्याय करने का प्रयास किया जा रहा है। शिंदे ने कहा कि मराठा आरक्षण प्रदान करने का सरकार का प्रयास कानून के अनुसार होगा और अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) सहित किसी भी समूह के साथ कोई अन्याय नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री गुरुवार से शुरू होने जा रहे शीतकालीन विधानसभा सत्र की पृष्ठभूमि में बुधवार रात नागपुर के रामगिरि स्थित सरकारी आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस, उप मुख्यमंत्री अजीत पवार, संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत दादा पाटिल, राज्य उत्पाद शुल्क मंत्री शंभुराज देसाई, स्कूल शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर, खेल और युवा कल्याण



मंत्री संजय बनसोडे, मृदा और जल संरक्षण मंत्री संजय राठौड़, राहत और पुनर्वास मंत्री अनिल पाटिल, अन्य, पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री अतुल सावे, श्रम मंत्री सुरेश खाड़े, कौशल विकास, नवप्रवर्तन मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा, विधायक प्रवीण दरेकर, सलाहकार. आशीष जयसवाल समेत अन्य मौजूद रहे। शिंदे ने कहा, यह शीतकालीन सत्र विदर्भ में हो रहा है। विदर्भ से हमारा घनिष्ठ संबंध है। विदर्भ के लोगों को भी इस सम्मेलन के माध्यम से न्याय देने में विशेष आनंद की अनुभूति हो रही है। विदर्भ के समग्र विकास के लिए तय की गई परियोजनाओं और योजनाओं को ठोस और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल के दौरान सरकार आम लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए समाज के हर वर्ग तक पहुंचने के लिए काम कर रही है।

## नेट की परिधि से बाहर के शोधार्थियों के लिए छात्रवृत्ति में बढ़ोतरी की जाए: थरूर



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने बृहस्पतिवार को सरकार से आग्रह किया कि राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) की परिधि के बाहर के शोधार्थियों को मिलने वाले मानदेय में पर्याप्त बढ़ोतरी की जाए क्योंकि अनुसंधान और विकास में देश को आगे बढ़ाने में उनका योगदान महत्वपूर्ण है।

तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार को नेट के दायरे से बाहर के शोधार्थियों से जुड़े विषय का समाधान करना चाहिए और बिना किसी देरी के उन्हें छात्रवृत्ति का नियमित भुगतान सुनिश्चित करना चाहिए।

थरूर ने कहा, ''मैं शिक्षा मंत्री और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष का ध्यान नेट के बाहर के पीएचडी शोधार्थियों को मिलने वाली छात्रवृत्ति से जुड़ी उनकी खराब स्थिति की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। ये वे शोधार्थी हैं जिन्हें यूजीसी-नेट परीक्षा के माध्यम से छात्रवृत्ति नहीं मिलती है।''

# जल्द ही 100 और आम आदमी क्लीनिक लोगों को समर्पित करेगी सरकार: मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/वार्ता।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने गुरुवार को कहा कि पंजाब सरकार राज्य के निवासियों को मानक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए जल्दी ही 100 और आम आदमी क्लीनिक समर्पित करेगी।

आज यहाँ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के कामकाज का जायज़ा लेते हुये मुख्यमंत्री मान ने कहा कि सरकार राज्य में प्राइमरी स्वास्थ्य देखभाल की कायाकल्प करने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अब तक 664 आम



आदमी क्लीनिक लोगों को समर्पित किये हैं जहाँ 84 ज़रूरी दवाएँ और 40 से अधिक परीक्षण की सुविधा मुफ़्त मुहैया करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में 100 और क्लीनिक लोगों को समर्पित करने से मानक स्वास्थ्य सेवाएं यकीनी बनाईं जा सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी क्लीनिक राज्य में स्वास्थ्य देखभाल ढांचे को मज़बूत करने में वरदान साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन क्लीनिकों का अब तक 80 लाख से अधिक लोगों ने लाभ लिया है। श्री मान ने कहा कि इन क्लीनिकों ने स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी तबदीली लाई है जिससे आम आदमी को बहुत फ़ायदा हुआ है। एक अन्य मुद्दे पर चर्चा करते हुये मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य में नये बन रहे मेडिकल कॉलेजों को चालू करने के लिए प्रक्रिया में तेज़ी लाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि आज़ादी के 75 सालों बाद राज्य में सिर्फ़ तीन मेडिकल कॉलेज खुले हैं। उन्होंने कहा कि अब आगामी एक साल में राज्य में पाँच और मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री ने उम्मीद ज़ाहिर की कि आने वाले सालों में एक-एक मैडीकल कालेज राज्य के हरेक जिले में खुलेगा और विश्वास दिलाया कि आम आदमी इसका लाभ उठा सके। उन्होने कहा कि इससे राज्य के विद्यार्थियों को मानक इलाज और डाक्टरी शिक्षा प्रदान करने में मदद मिलेगी।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# चेन्नई, उपनगरों के कुछ हिस्सों में स्थिति गंभीर





दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** चक्रवात 'मिगजॉम' के कारण मूसलाधार बारिश होने के कुछ दिनों बाद बृहस्पतिवार को चेन्नई के कुछ हिस्सों और आसपास के जिलों के उपनगरों में पानी भर गया, जिससे महानगर और इसके आसपास के इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

चक्रवात 'मिगजॉम' मंगलवार को आंध्र प्रदेश में तट को पार कर गया और चेन्नई, तिरुवल्लूर, कांचीपुरम और चेंगलपेट को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा। चक्रवात के प्रभाव से चार दिसंबर को उक्त चार जिलों में भारी बारिश हुई। सरकार ने कहा कि राहत गतिविधियां तेज कर दी गई हैं और चेन्नई में विभिन्न स्थानों पर जमा पानी को बाहर निकालने के प्रयास जारी हैं।

वेलाचेरी और पश्चिम तांबरम के कुछ हिस्सों में बृहस्पतिवार को भी जलभराव हो गया, यहां पल्लीकरनई क्षेत्र में खाद्यान्न के पैकेट हवाई जहाज से गिराए गए। उत्तरी चेन्नई का मनाली गंभीर रूप से प्रभावित क्षेत्रों में से एक था। अधिकारियों ने कहा कि मनाली में लगभग 15,000 लोगों के लिए पीने का पानी, 12,000 लीटर दूध, दूध पाउडर, चादर और खाद्य सामग्री भेजी गयी है। निवासियों ने कई इलाकों में दूध की बढ़ी कीमतों की शिकायत की।

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने चेन्नई के पास अनाकापुथुर इलाके का दौरा किया और वहां जारी राहत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रभावित लोगों को भोजन भी वितरित किया। विपक्ष ने राहत कार्य की गति को लेकर सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर निशाना साधा।

अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) महासचिव और विपक्ष के नेता एडाप्पडी के. पलानीस्वामी ने दावा किया कि नगर निगम के तहत 35,000 प्रमुख सड़कों में से 20,000 अब भी जलमग्न हैं।

# प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु को 450 करोड़ रुपये की दूसरी किस्त जारी करने के निर्देश दिए : सिंह



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को चक्रवात राहत के लिए तमिलनाडु को दूसरी किस्त के रूप में 450 करोड़ रुपये जारी करने का निर्देश दिया है। सिंह ने आज बाढ़ प्रभावित उत्तरी तमिलनाडु का हवाई सर्वेक्षण किया और मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के साथ भी बैठक की। सिंह ने कहा कि तमिलनाडु को 450 करोड़ रुपये की पहली किस्त पहले ही जारी की जा चुकी है।

उन्होंने कहा, ''तमिलनाडु में बारिश और बाढ़ से हुई जानहानि से प्रधानमंत्री मोदी व्यथित हैं।'' रक्षा मंत्री ने कहा, चूंकि हाल के वर्षों में चेन्नई में शहरी इलाकों में बाढ़ की समस्या बार-बार सामने आई है, इसलिए भारत सरकार ने शहरी बाढ़ प्रबंधन गतिविधियों के लिए 500 करोड़ रुपये की केंद्रीय निधि को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ सहित सभी केंद्रीय एजेंसियां तमिलनाडु में राहत कार्य के संबंध में हरसंभव प्रयास कर रही हैं। सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने मुझे स्थिति पर नजर रखने के लिए निर्देशित किया है। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री स्टालिन से बात की है। इससे पहले दिन में, सिंह ने बाढ़ प्रभावित उत्तरी तमिलनाडु का हवाई सर्वेक्षण किया तथा चक्रवात 'मिगजॉम' के कारण हुए नुकसान पर मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के साथ बातचीत की। मूसलाधार बारिश और बाढ़ से प्रभावित चेन्नई और इसके आसपास के इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद सिंह ने यहां सचिवालय में स्टालिन से मुलाकात की। इस दौरान सिंह को चक्रवात, इससे हुए नुकसान और केंद्र से अपेक्षित आवश्यक राहत के बारे में जानकारी दी गई। केंद्रीय राज्य मंत्री एल. मुरुगन भी रक्षा मंत्री के साथ मौजूद थे। उत्तरी तमिलनाडु में चेन्नई, कांचीपुरम, चेंगलपेट और तिरुवल्लूर चक्रवात और भारी बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। राज्य सरकार पहले ही केंद्र सरकार से 5,060 करोड़ रुपये की अंतरिम राहत की मांग कर चुकी है।

# चक्रवात मिचौंग की बाढ़ के बाद बीमा उद्योग में बड़ी चुप्पी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** क्षेत्रीय नियामक सहित भारतीय बीमा उद्योग, चक्रवात मिचौंग से प्रभावित पॉलिसीधारकों को संपत्ति और जीवन के नुकसान के दावे को प्राथमिकता देने के लिए उठाए जाने वाले कदमों के बारे में अजीब तरह से चुप है। चक्रवात मिचौंग के कारण, चेन्नई में भारी वर्षा हुई जिसके परिणामस्वरूप शहर में बाढ़ आ गई और आवासीय, वाणिज्यिक और विनिर्माण परिसरों में पानी भर गया।

इसके परिणामस्वरूप वाहनों, घरेलू संपत्तियों, कारखाने की मशीनों और अन्य को भारी नुकसान हुआ है। उद्योग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, यह अजीब है कि भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) और बीमाकर्ता इस बार चक्रवात गुजरने के कई दिनों बाद भी चुप हैं।

इससे पहले किसी भी प्राकृतिक आपदा, दुर्घटना के दौरान, आईआरडीए ने बीमाकर्ताओं को दावों को संसाधित करने, दावा दस्तावेजों को स्वीकार करने और दावों की सूचना देने के तौर-तरीकों पर निर्देश जारी किए थे। बीमाकर्ताओं को दावों की सूचना के लिए समर्पित फोन नंबरों के साथ एक विशेष सेल की स्थापना का निर्देश दिया जाता था। इस बार ऐसा कुछ नहीं हुआ। इससे पहले, प्राकृतिक आपदा आने पर चार सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियां चार क्षेत्रों में प्रमुख समन्वय एजेंसी होती थीं।

उस समय वे प्रमुख खिलाड़ी थे। लेकिन अब निजी बीमाकर्ताओं ने बाजार हिस्सेदारी के मामले में कुछ सार्वजनिक क्षेत्र के बीमाकर्ताओं को पीछे छोड़ दिया है और वे अब स्पष्ट रूप से चुप हैं। पिछले अनुभव के अनुसार, मोटर बीमा के दावे सबसे ज्यादा होंगे। इसके बाद निर्माताओं (मशीनरी, स्टॉक क्षति), वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों और अन्य से संबंधित दावे होंगे।

बीमा अधिकारी ने कहा, घरेलू सामान, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं, कीमती सामान और अन्य को कवर करने वाले गृह बीमा की पहुंच बहुत कम है। यहां तक कि बीमा कंपनियों के कर्मचारी भी वह पॉलिसी नहीं लेते हैं। इसलिए व्यक्तियों को अपना व्यक्तिगत नुकसान खुद उठाना पड़ेगा। दूसरी ओर, वाहन निर्माताओं ने बाढ़ से क्षतिग्रस्त वाहनों की सर्विसिंग के लिए अपना समर्थन देने के लिए बयान जारी करना शुरू कर दिया है।

स्वागत — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



गुरुवार को चेन्नई एयरपोर्ट पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का स्वागत करते हुए भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष के. अन्नामलाई।

# श्रीलंकाई नौसेना ने 21 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया

**चेन्नई/कोलंबा।** श्रीलंकाई जल क्षेत्र में कथित रूप से प्रवेश कर मछली पकड़ने के आरोप में कम से कम 21 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया तथा उनकी चार नौकाओं को जब्त कर लिया गया। श्रीलंका की नौसेना ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मन्नार और कोविलन के पूर्वोत्तर जल क्षेत्र में बुधवार को भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया।

नौसेना ने कहा कि 2023 में उन्होंने श्रीलंकाई जल क्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 195 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया। अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा को कथित रूप से पार करने और श्रीलंकाई जल क्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में भारतीय मछुआरों को अक्सर गिरफ्तार कर लिया जाता है।



# कई ट्रेनें फिर हुई रद्द

**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार चक्रवात मिचौंग से प्रभावित तमिलनाडु और आन्ध्रप्रदेश में आए तूफान से रेल यातायात काफी प्रभावित हुआ है। इसके चलते ही कई ट्रेन सेवाओं में बदलाव किया गया है। कई ट्रेनों को रद्द करना पड़ा है। 7 दिसम्बर को चलने वाली ट्रेन नंबर 12603 डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-हैदराबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 22651 डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-पलक्कड़ एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 12601 डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-मंगलुरु सेंट्रल मेल को पूरी तरह से रद्द कर दिया गया है।

# कल्याण कर्नाटक में 14 मध्यम और बड़ी सिंचाई परियोजनाएं पूरी हुईं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेलगावी। गुरुवार को विधान परिषद में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की ओर से मंत्री रामलिंगारेड्डी ने कहा, कृष्णा भाग्य जल निगम के तहत कल्याण कर्नाटक के कलबुर्गी, यादगिरी और बीदर जिलों की 6 सिंचाई परियोजनाओं में से तीन, कर्नाटक सिंचाई निगम के तहत 11 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।

विधान परिषद में प्रश्नोत्तरी सत्र के दौरान, तलवाड़ा सबन्ना ने कल्याण कर्नाटक के कलबुर्गी, बीदर और यादगिरी क्षेत्र में मध्यम और बड़ी सिंचाई परियोजनाओं और पिछले 5 वर्षों में इन परियोजनाओं पर हुए खर्च, गरीबों सहित, के बारे में एक सवाल का जवाब दिया।

केंद्र सरकार द्वारा दो परियोजनाओं के लिए राजपत्र तैयार किया जाना चाहिए। इस समय, आंध्र और तेलंगाना राज्यों ने राजपत्र तैयार न करने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया है, इसलिए काम आगे नहीं बढ़ पाया है। बुदिहाला-वीरपुर एटा सिंचाई परियोजना विस्तार कार्य प्रगति पर है, उन्होंने कहा। कलबुर्गी, बीदर और कल्याण कर्नाटक के यादगिरी क्षेत्र में कृष्णा जलभाग्य निगम की परियोजनाओं के लिए पिछले 5 वर्षों में 1,306 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। पिछले 5 वर्षों में कर्नाटक सिंचाई निगम की 11 परियोजनाओं पर 489 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।




# दुबई सीओपी28 : सद्‌गुरु ने बैठक में मिट्टी को बताया क्लाइमेट सुपरस्टार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दुबई।** इब्राहिम थियाव (यूएनसीसीडी के कार्यकारी सचिव) और पेट्रीसिया स्कॉटलैंड (राष्ट्रमंडल महासचिव) के साथ 'मिट्टी, जलवायु सुपरस्टार!' विषय पर एक दिलचस्प संवाद में, सद्गुरु ने कहा, आज हम जिन भी संसाधनों का उपभोग कर रहे हैं, चाहे हम कुछ भी बना रहे हों, मूलतः वह मिट्टी ही है। इसलिए मिट्टी सिर्फ किसान का व्यवसाय नहीं है, बल्कि यह हर किसी का बिजनेस होना चाहिए, क्योंकि हम भी मिट्टी हैं।

एकमात्र सवाल यह है - क्या हम यह बात अभी समझेंगे, या तब जब हमें दफनाया जाएगा? अगर हम यह अभी समझ गए, तो हम परिवर्तन ला सकते हैं।

मिट्टी को लेकर समय पर कार्रवाई के लिए दबाव डालते हुए, सद्गुरु ने कहा, यह समझना महत्वपूर्ण है कि यह केवल जागरूकता बढ़ाने का समय नहीं है, बल्कि यह कार्रवाई का समय है। यदि हम मानते हैं कि उजझ परिवर्तन लाने का मंच है, तो हमें बात करते रहने के बजाय कार्रवाई पर जोर देना चाहिए। उन्होंने कहा, मिट्टी को एक विषय के रूप में 'कूल' बनाना तो बस शुरुआत है। हमें मिट्टी के तापमान को वाकई ठंडा करना होगा - यही असल बात है।

सद्गुरु की भावनाओं को लेकर बोलते हुए, यूएनसीसीडी के कार्यकारी सचिव इब्राहिम थियाव ने कहा, प्रकृति को हमारी जरूरत नहीं है, लेकिन हमें अपने जीवन, अपनी आजीविका के लिए प्रकृति की जरूरत है। आज तरक्की को मापने का पैमाना ही गलत है, जो कहता है कि आपके पास कितना पैसा है, और हमने कितने प्राकृतिक संसाधन निकाले हैं। लेकिन ये संसाधन सीमित हैं। हमारा भविष्य और हमारे बच्चों का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम प्रकृति के साथ कैसे संवाद करते हैं, और यह हम सबकी जिम्मेदारी है। हमारी अलमारी में कितने कपड़े हैं? हम कितना खाना बर्बाद करते हैं, कितने कपड़े फेंक देते हैं? यह सब किसी न किसी तरह से प्रकृति को नष्ट कर रहा है।

ईशा आउटरीच द्वारा समर्थित तमिलनाडु में मिट्टी बचाओ मॉडल फार्म का भी दौरा करने वाली राष्ट्रमंडल महासचिव, आरटी माननीय पेट्रीसिया स्कॉटलैंड ने मिट्टी बचाओ अभियान का पूरा समर्थन किया और कहा, राष्ट्रमंडल मिट्टी के पुनरुद्धार के लिए सभी 56 राष्ट्रमंडल देशों में सद्गुरु के साथ साझेदारी करके खुश है। क्योंकि उनके पास मिट्टी को सुपरस्टार में बदलने का जादू है।

सद्गुरु, अल वस्ल प्लाजा में एक विस्मयकारी शो 'वेक अप एक्सपीरियंस' के विशिष्ट वक्ता भी बने। इस खास मल्टी-मीडिया कार्यक्रम में सद्गुरु के साथ संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) और इम्पैक्ट नेस्ट, जलवायु संकट में मिट्टी स्वास्थ्य संरक्षण की तत्काल आवश्यकता को लेकर एकजुट हुए।

# नाबालिग लड़के ने बहन की हत्या की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले के थायायुथु में ऑनर किलिंग के संदिग्ध मामले में एक नाबालिग लड़के द्वारा अपनी बड़ी बहन की हत्या कर दिये जाने की घटना सामने आयी है। घटना मंगलवार देर रात की है और बुधवार को इसका खुलासा हुआ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि युवती ए.थांगथाई (20) गंगईकोंडान औद्योगिक प्रक्षेत्र स्थित निजी कंपनी एसआईपीसीओटी में काम करती थी। उसका अपने एक सहकर्मी से प्रेम संबंध थो जो अनुसूचति जाति का था। लड़की के परिवार को उसके बारे में उस समय पता चला, जब उनके रिश्तेदार ने प्रेमीयुगल को हाल ही में एक मूवी थिएटर में देखा। इस बात को लेकर उनके घर में झगड़ा हो गया और थांगथाई सोमवार रात को लापता हो गयी। परिवार ने मंगलवार को थलाईयुथु थाने में शिकायत दर्ज करायी और उसी दिन उसका पता लगा लिया गया। लड़की ने दावा किया कि वह उस रात अपने दोस्त के घर पर थी।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसे महिला निकेतन में भर्ती करने की पेशकश की लेकिन उसने अपने घर लौटने का फैसला किया। जब वह घर पर थी, तो उसके 17 वर्षीय भाई ने बहस शुरू कर दी, जो बाद में और अधिक तीव्र हो गयी। गुस्से में आकर उसने उसकी हत्या कर दी। बाद में उसने थाने जाकर समर्पण कर दिया और अपना अपराध कबूल कर लिया।

आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। नाबालिग होने के कारण उसे बाल सुधार गृह में रखा गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।



# दपरे मुख्यालय में मनाया गया महापरिनिर्वाण दिवस

**हुब्बल्ली।** दक्षिण पश्चिम रेलवे में मुख्यालय रेल सौधा में बुधवार को बाबा साहब डॉ बीआर अम्बेडकर का 67वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस मौके मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दपरे के महाप्रबंधक संजीव किशोर ने बीआर अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पण कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर संजीव किशोर ने कहा कि बाबा साहब डॉ बीआर अम्बेडकर ने समाज के पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए महत्त्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन्होंने अन्य अधिकारियों व कर्मियों से निवेदन किया कि वे भी बाबा साहब के आदर्शों का पालन करते हुए राष्ट्र निर्माण में सहयोग दे। इस मौके पर अतिरिक्त महाप्रबंधक यू. सुब्बाराव सहित विभिन्न विभागों के प्रमुखों व एससी, एसटी एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने डॉ बीआर अम्बेडर के गुणों को याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
भारत सरकार का उपक्रम
Union Bank of India
A Government of India Undertaking
क्षेत्रीय कार्यालय : कोयंबटूर
1087डी, तीसरी मंजिल, कृष्णा टावर्स, पप्पानैकेनपालयम, अविनाशी रोड, कोयंबटूर-641037
फोन : 0422-2240306 / 332

नंबर 816, ओप्पनक्कारा स्ट्रीट, कोयंबटूर में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की इमारत की स्थापना के लिए प्रोजेक्ट आर्किटेक्ट/सलाहकार की नियुक्ति हेतु निविदा आमंत्रण की सूचना

अग्रणी राष्ट्रीयकृत बैंक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, नंबर 816, ओप्पनक्कारा स्ट्रीट, कोयंबटूर में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की इमारत की स्थापना के लिए प्रोजेक्ट आर्किटेक्ट / सलाहकार की नियुक्ति के लिए प्रतिष्ठित एजेंसियों से निर्धारित प्रारूप में दो बोली प्रणाली यानी तकनीकी बोली और वित्तीय/मूल्य बोली में मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित करता है।
इच्छुक विक्रेता तकनीकी बोलियां और वित्तीय/मूल्य बोलियां दस्तावेज यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, कोयंबटूर, 1087-डी, तीसरी मंजिल, कृष्णा टावर्स, पप्पानैकेनपालयम, अविनाशी रोड, कोयंबटूर - 641037 से 08.12.2023 से कार्यालय समय के दौरान प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in या सीपीपी पोर्टल www.eprocure.gov.in से डाउनलोड करें।
बोलियां दो लिफाफों में जमा की जानी चाहिएं। लिफाफा नंबर 1 को तकनीकी बोली के रूप में चिह्नित किया जाएगा और इसमें अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से निकाले गए डिमांड ड्राफ्ट / पे ऑर्डर के रूप में ईएमडी, प्रीक्वालिफिकेशन आवेदन के साथ बोली लगाने वाले की तकनीकी बोली शामिल होगी। लिफाफा नंबर 2 को वित्तीय/मूल्य बोली के रूप में चिह्नित किया जाएगा। दोनों 2 लिफाफों को एक तीसरे लिफाफे में रखें, जिस पर उक्त विषय की निविदा लिखी हो और हमारे क्षेत्रीय कार्यालय, कोयंबटूर में 29.12.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक जमा कराएं।
तकनीकी बोलियां 29.12.2023 को अपराह्न 3.30 बजे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, कोयंबटूर, 1087-डी, तीसरी मंजिल, कृष्णा टावर्स, पप्पानैकेनपालयम, अविनाशी रोड, कोयंबटूर - 641037 में बोलीदाताओं / उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी।
बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
स्थान: कोयंबटूर
दिनांक: 08.12.2023
ह/-
क्षेत्रीय प्रमुख

# भाजपा के पांच विधायकों के रिजॉर्ट में ठहरने से 'लॉबिंग' की अटकलें

**पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के आवास के बाहर दो बड़े पोस्टर लगाए गए हैं जिनमें वे राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में पार्टी की जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दे रही हैं। पोस्टर आज सामने आए।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पांच विधायकों के मंगलवार को जयपुर के एक 'रिजॉर्ट' में एक साथ ठहरने से 'लॉबिंग' की अटकलें शुरू हो गईं। हालांकि पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी इस तरह की किसी संभावना को खारिज किया है।

कोटा संभाग के विधायकों ने मंगलवार रात सीकर रोड स्थित एक रिसॉर्ट में 'चेक इन' किया। उनमें से एक ललित मीणा (किशनगंज) को संदेह हुआ कि यह विधायकों की 'बाड़ाबंदी' जैसा कुछ है क्योंकि अन्य विधायक कोटपूतली में दूसरे रिसॉर्ट में जाने की बात कर रहे थे। उन्होंने अपने पिता हेमराज मीणा को इसकी जानकारी दी जिसके बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को सूचित किया गया। पार्टी के कुछ नेता 'रिजॉर्ट' पहुंचे और विधायक को बुधवार तड़के पार्टी कार्यालय लाया गया। पार्टी सूत्रों ने इसकी पुष्टि की। संपर्क करने पर ललित मीणा ने विवरण देने से इनकार कर दिया। उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया, 'रात में जो कुछ भी हुआ उस बारे में मैंने पार्टी नेताओं को सूचित कर दिया है। पार्टी मेरा परिवार है और यह हमारा पारिवारिक मामला है।'

उनके पिता हेमराज मीणा ने बताया कि उनके बेटे को एक विधायक कंवर लाल मीणा ने मिलने के लिए बुलाया था। बाद में उन्होंने उसे रिजॉर्ट से बाहर नहीं निकलने दिया। हेमराज ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, 'जब मुझे विधायक बेटे फोन आया तो मैंने तुरंत पार्टी नेताओं को इसकी जानकारी दी । हम रिजॉर्ट में गए जहां कंवर लाल मीणा से विवाद हो गया। हालांकि, हम ललित को पार्टी कार्यालय ले आए।'

जब उनसे पूछा गया कि विधायक किसके निर्देश पर वहां ठहरे हुए हैं तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है और इस बारे में कंवर लाल मीणा ही बता सकते हैं। विधायक कंवर लाल से संपर्क नहीं हो सका। इस बीच, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि 'बाड़ाबंदी' जैसा कुछ नहीं है और विधायक अपने निर्वाचन क्षेत्रों में हैं। उन्होंने मीडिया से कहा, 'कोई बाड़ाबंदी नहीं है। विधायक अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में हैं।' उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को लेकर कोई भी फैसला विधायक दल की बैठक के बाद किया जाएगा। उन्होंने संवाददाताओं से कहा पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के बाद बैठक बुलाई जाएगी।

उधर, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के आवास के बाहर दो बड़े पोस्टर लगाए गए हैं जिनमें वे राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में पार्टी की जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दे रही हैं। पोस्टर आज सामने आए। कोटा संभाग के झालावाड़ जिले की झालरापाटन सीट से विधायक राजे कल रात दिल्ली पहुंचीं । राज्य की 200 में से 199 सीटों पर हुए चुनाव के परिणाम रविवार को आए थे। भाजपा को 115 सीटों के साथ बहुमत मिलने के बाद मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर संशय बरकरार है।

# रेलवे कर्मचारी का अपहरण, तीन लाख की फिरौती मांगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। रेलवे कॉलोनी थाना क्षेत्र में एक रेलवे कर्मचारी का गुरुवार को अपहरण करने तथा फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि अपहरण करने वालों ने रेलवे कर्मचारी के परिजनों से 3 लाख रुपए की फिरौती मांगी है। फिरौती नहीं देने पर अपहरणकतार्ओं ने कर्मचारी की हत्या की धमकी दी है।साथी कर्मियों ने बताया कि रेलवे कर्मचारी महेश मीणा रंगपुर रोटेदा रोड सोगरिया स्टेशन के पास रहता है और रेलवे वर्कशॉप में फीटर के पद पर कार्यरत है। महेश सुबह करीब 6:40 बजे ड्यूटी जाने के लिए घर से निकला था कि रास्ते में कार सवार दो-तीन लोगों ने उसका अपहरण कर लिया। अपहरण के कुछ देर बाद परिजनों के पास अनजान नंबर से एक व्हाट्सएप कॉल आया जिसमें अपहरणकतार्ओं ने तीन लाख रुपए की फिरौती मांगी। उन्होंने



पैसा तुरंत ऑनलाइन देने को कहा और परिजनों के पास एक यूपीआई नंबर भी भेजा । पैसा नहीं देने और पुलिस को सूचना देने पर अपहरणकतार्ओं ने महेश की हत्या की धमकी दी। फोन आने के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों ने तुरंत पुलिस को इस मामले की जानकारी दी। अपहरण की खबर से हरकत में आई पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना स्थल पर पुलिस को महेश की बाइक मिली। इसके बाद पुलिस ने जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरा खंगालना शुरू किया। सूत्रों ने बताया कि पुलिस को सुबह करीब 6:45 बजे चंद्रेसल गांव के पास कार की आखिरी लोकेशन मिली है। अपहरण के समय के कुछ फोटो भी सामने आए हैं। इसमें अपहरण करने वाले महेश को जबरन कार में बैठाते नजर आ रहे है।

सूत्रों ने बताया कि महेश माधोपुर स्थित चकरी गांव का रहने वाला है। यहां के लोगों ने पिछले दिनों हुए वर्ल्ड कप क्रिकेट में जमकर सट्टेबाजी की। इस सट्टेबाजी में कुछ लोगों ने जमकर पैसा कमाया और कुछ लोग कर्ज में भी डूब गए। माना जा रहा है कि इसी मामले में पैसे के लेनदेन को लेकर महेश का अपहरण किया गया।

# ग्राहक बनकर पहुंची वन विभाग की टीम ने तीन तस्कर पकड़े, एक किलो वजनी और 45 सेमी. लंबा हाथी दांत बरामद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। राजस्थान के अजमेर जिले में वन विभाग की टीम ने ग्राहक बनकर हाथी दांत की तस्करी करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो की सूचना के बाद यह कार्रवाई की गई। पकड़े गए तीनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

अभी तक की पूछताछ में आरोपियों ने किसी कमरुद्दीन से एक लाख रुपये में हाथी दांत खरीदने की बात कही है हालांकि आरोपी बार- बार बयान बदल रहे हैं। विभाग की टीम इसकी तस्दीक में जुटी है। आरोपियों को नसीराबाद कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा।

डीएफओ अभिमन्यु सहारण ने जानकारी देते हुए बताया कि वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो की सूचना एसीएफ मुल्केश सालवान, अजमेर रेंजर बालूराम सारण, सहायक वनपाल महेंद्र, अलका चौधरी, गिरिराज मीणा, बच्छराज सिंह, वनरक्षक निम्बाराम गोदारा की टीम बनाई गई। ब्यूरो के सदस्य भी इसमें शामिल थे। डीएफओ के मुताबिक नसीराबाद रेंज क्षेत्र में आने वाले तबीजी के पास आरोपी ने हाथी दांत का सौदा करने के लिए किसी व्यापारी को बुलाया था लेकिन वह नहीं पहुंचा और टीम के सदस्यों ने ग्राहक बनकर कार्रवाई की।

डीएफओ के मुताबिक हटूंडी निवासी कादर, डूमाड़ा निवासी भंवरलाल गुर्जर और सीकर जिले के खंडेला निवासी महावीरप्रसाद मीणा के कब्जे से कार्रवाई के दौरान एक किलो वजनी और 45 सेमी. लंबा हाथी दांत बरामद किया गया। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अब तक कि पूछताछ में सामने आया है कि आरोपियों ने यह हाथी दांत किसी कमरूद्दीन नाम के व्यक्ति से एक लाख रुपए में खरीदा था। जिसे आगे बेचने के लिए एक व्यापारी से सौदा किया गया था लेकिन व्यापारी नहीं पहुंचा। आरोपियों ने व्यापारी का नाम अब तक नहीं बताया है। विभाग की टीम कमरूद्दीन और व्यापारी का पता लगाने में जुटी है।



# राजस्थान में मुख्यमंत्री का फैसला विधायक दल की बैठक के बाद होगा : सीपी जोशी

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि मुख्यमंत्री को लेकर कोई भी फैसला पार्टी की विधायक दल की बैठक के बाद किया जाएगा। जोशी ने कहा कि विधायक अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में हैं और बैठक तय होते ही जयपुर आ जायेंगे। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के बाद विधायक दल की बैठक बुलाई जाएगी, जिसके बाद आगे प्रक्रिया पूरी होगी। राज्य की 200 में से 199 सीटों पर हुए चुनाव के परिणाम रविवार को आए थे। भाजपा को 115 सीटों के साथ बहुमत मिला था लेकिन मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर संशय बरकरार है।

# राजस्थान विधानसभा चुनाव में तीसरे मोर्चे को नहीं मिली तवज्जो

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में सोलहवीं विधानसभा के लिए हाल में हुए चुनाव में मतदाताओं के छोटी राजनीतिक पार्टियों को तवज्जों नहीं देने से इस बार भी तीसरा मोर्चा उभरकर सामने नहीं आ सका। इस चुनाव में जनता ने तीसरे मोर्चे को पूरी तरह नकार दिया जिससे राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) आम आदमी पार्टी (आप) सहित कुछ अन्य दलों के तीसरे मोर्चे के रुप में इस चुनाव में उभरकर सामने आने के जहां दावे खोखले साबित हुए वहीं इन पार्टियों के नेताओं के उनके दल के सहारे बिना किसी की सरकार नहीं बन पाने के सपने भी चूर हो गए। इस चुनाव में प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को छोड़कर अन्य पार्टियों की कुल सात सीटें आई जबकि इस बार इनसे अधिक आठ निर्दलीय चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं।

इससे तीसरे मोर्चा के लिए प्रयास कर रहे रालोपा के संयोजक हनुमान बेनीवाल को सबसे ज्यादा झटका लगा है और वह इस चुनाव में केवल खुद ही खींवसर से चुनाव जीत पाये हैं जबकि पिछले चुनाव में उनकी पार्टी के तीन प्रत्याशी विधायक चुने गए थे। पिछले चुनाव के ठीक पहले नई पार्टी बनाने वाले श्री बेनीवाल पार्टी के गठन से ही प्रदेश में तीसरे मोर्चे के उभरकर सामने आने के दावे कर रहे हैं और पिछले लोकसभा चुनाव में रालोपा ने भाजपा के साथ गठबंधन कर लोकसभा सीट पर जीत हासिल की थी और श्री बेनीवाल सांसद भी बने। गत 25 नवम्बर को हुए विधानसभा चुनाव के लिए रालोपा ने आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के साथ गठबंधन करके 120 से अधिक उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा था।

हालांकि इस चुनाव में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बाद सबसे ज्यादा 185 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारने वाली बसपा के इस चुनाव में केवल दो उम्मीदवार ही चुनाव जीत पाये जबकि पिछले चुनाव में इसके छह प्रत्याशी विधानसभा पहुंचे लेकिन बाद में सभी कांग्रेस में शामिल हो गए।

इस चुनाव में इस बार भारतीय आदिवासी पार्टी (बीएपी) कांग्रेस और भाजपा के बाद सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाली पार्टी बन गई जिसने तीन सीटें जीती जबकि उसने इस चुनाव में 27 प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा। बीएपी भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) से अलग होकर नई पार्टी बनी है। गत विधानसभा चुनाव में बीटीपी के दो प्रत्याशी विधानसभा पहुंचे। कांग्रेस के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ने वाली राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) पार्टी का एक प्रत्याशी ने चुनाव जीता। पिछले विधानसभा चुनाव जीतकर कांग्रेस की गहलोत सरकार में मंत्री बने सुभाष गर्ग इस बार फिर रालोद के टिकट पर चुनाव जीता। रालोद ने इस चुनाव में केवल एक ही अपना प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारा।

पिछले विधानसभा चुनाव में दो सीटें जीतने वाली मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) इस बार एक भी सीट नहीं जीत पाई। इस चुनाव में इसके अलावा आप पार्टी ने भी बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और आप के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राजस्थान में जनसभाएं कर कई दावे किए और 86 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे लेकिन उनकी पार्टी खाता भी नहीं खोल पाई।

इसी तरह रालोपा के साथ गठबंधन करने वाली एएसपी (कांशीराम) ने 46 उम्मीदवारों को चुनाव लड़ाया लेकिन किसी प्रत्याशी को चुनावी सफलता हाथ नहीं लगी।

इसी तरह जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) पार्टी के वरिष्ठ नेता और हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने भी चुनाव से पहले दावा किया था कि जेजेपी की चाबी से सरकार का ताला खुलेगा लेकिन इस चुनाव में उनका खाता भी नहीं खुला। इस चुनाव में राइट टू रीयल पार्टी ने 26, आईपीजीपी ने 22, एआरपी ने 20 बीएमपी ने 18, माकपा ने 17, एवं एएलपी, एआईएमआईएम एवं बीटीसी ने 10-10 प्रत्याशी सहित अन्य कई पार्टियों ने अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे लेकिन इनके किसी प्रत्याशी को चुनाव जीतने का अवसर नहीं मिला। उल्लेखनीय है कि इस चुनाव में भाजपा 115 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया जबकि कांग्रेस 69 सीटें जीतकर दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है।

## अनुदान



जयपुर में गुरुवार को अपने निवास में सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत वीर सेनानियों के सम्मान में अनुदान दिया।

# मोदी की गारंटी के आगे कांग्रेस के झूठे वादे और दावे नहीं चले : वसुंधरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने ट्वीट कर पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा की प्रचंड विजय इस बात का प्रतीक है कि कि मोदी की गारंटी के आगे कांग्रेस के झूठे वादे और दावे नहीं चले। भाजपा संसदीय दल की बैठक में हाल ही में हुए विधान सभा चुनावों में तीन राज्यों - मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में पार्टी को मिली जीत को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत और अभिनंदन किया गया। बैठक में पहुंचने पर केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों ने खड़े होकर तालियों और नारों के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने माला पहना कर उनका स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान आगे की पंक्ति में प्रधानमंत्री मोदी और जेपी नड्डा के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी और पीयूष गोयल सहित कई अन्य केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहे।

# गोगामेडी की हत्या के विरोध में अलवर बंद रहा

अलवर। राष्ट्रीय करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या के विरोध में आज अलवर शहर बंद सफल रहा। राजपूत छात्रावास में राजपूत समाज और करणी सेना की कार्यकर्ता सहित सर्व समाज के प्रतिनिधि उपस्थित हुए और वहां से टोली बनाकर शहर के बाजारों में निकले जहां दुकान खुली थी वहां दुकान बंद कराई गई। वैसे बंद शांतिपूर्ण तरीके से रहा और टोली बनाते निकले युवक सरकार के खिलाफ और हत्यारों को फांसी की सजा और एनकाउंटर करने के नारे लगाते रहे।

# गोगामेड़ी का अंतिम संस्कार किया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी का बृहस्पतिवार को उनके पैतृक गांव गोगामेड़ी में अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। हनुमानगढ़ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुभाष ने बताया कि गोगामेड़ी का अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार की शाम को किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा और श्री राजपूत करणी सेना के पदाधिकारी महिपाल सिंह मकराना मौजूद रहे। इससे पहले गोगामेड़ी के शव का बुधवार रात को सवाई मानसिंह चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम किया गया। उनके देह को राजपूत सभा भवन से अंतिम संस्कार के लिये हनुमानगढ जिले के भादरा थाना क्षेत्र में उनके पैतृक गांव ले जाया गया। हमलावरों ने मंगलवार को गोगामेड़ी की जयपुर के श्यामनगर स्थित उसके घर में घुसकर हत्या कर दी थी, जिसके बाद बुधवार को समर्थकों ने जयपुर बंद का आह्वान किया था।

गोगामेड़ी की हत्या की जांच के लिए पुलिस ने बुधवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया । पुलिस के अनुसार, हमलावरों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने हमलावर रोहित सिंह राठौड़ गांव जूसरिया (थाना मकराना) तथा नितिन फौजी गांव डूंगराजाट (महेंद्रगढ़, हरियाणा) की सूचना देने वाले को पांच-पांच लाख रुपए के इनाम की घोषणा भी की है। गोगामेड़ी की पत्नी शीला शेखावत ने बुधवार देर रात धरना समाप्त करने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा पुलिस ने 72 घंटे के अंदर आरोपियों की गिरफ्तारी का लिखित आश्वासन दिया है और श्याम नगर के थानाधिकारी, बीट प्रभारी और बीट कॉन्स्टेबल को निलंबित करने पर सहमति जताई है।



जयपुर में गुरुवार को अपने आवस पर विधायकों, पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते कांग्रेस के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट।

# गोगामेड़ी की हत्या का आरोपी रोहित उदयपुर की जेल में था बंद

**जिस रोहित राठौड़ की तलाश जारी है, उसे उदयपुर पुलिस 14 अक्टूबर को अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर चुकी थी**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

उदयपुर । श्रीराजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव गोगामेड़ी की हत्या के मामले में पुलिस जिस आरोपी रोहित राठौड़ की तलाश कर रही है, उसे 14 अक्टूबर को उदयपुर पुलिस गिरफ्तार कर चुकी थी। उससे उदयपुर पुलिस ने अवैध पिस्टल बरामद की थी और उसे अदालत के निर्देश पर जेल भेज दिया गया। जमानत पर रिहा होने के बाद वह जयपुर पहुंचा और उसने अपने साथियों के साथ मिलकर गोगामेड़ी की हत्या को अंजाम दिया। मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनाव को लेकर जिले में अवैध हथियार तथा मादक पदार्थों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उदयपुर की जिला स्पेशल टीम तथा धानमंडी थाना पुलिस ने 14 अक्टूबर को संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो अवैध पिस्टल, 3 जिंदा कारतूस बरामद कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। उनमें एक आरोपी रोहित राठौड़ भी था, जिस पर श्रीराजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोगामेड़ी की हत्या का आरोप है।

बताया गया कि शहर के समीपवर्ती बड़गांव थाने में आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 और 5/25 के तहत दर्ज प्रकरण संख्या 65/2023 में पुलिस ने राजसमंद के खमनोर निवासी रोहिताश्व उर्फ रोहित श्रीमाली पुत्र राजेंद्र श्रीमाली को गिरफ्तार कर दो पिस्टल जब्त की थी। जिसके अनुसंधान से इसी मामले के अभियुक्त यशपाल सिंह राठौड़, मनोज सालवी और कैलाश प्रजापत तक पहुंची और उन्हें भी गिरफ्तार कर उनसे एक पिस्टल तथा एक चाकू बरामद किया था। पूछताछ में यशपाल सिंह राठौड़ के जरिए रोहित राठौड़ की सूचना मिली थी। जिसे पुलिस ने नयाखेड़ा क्षेत्र से उसके साथी आकाश बंजारा के साथ गिरफ्तार किया था। रोहित राठौड़ की तलाशी ली गई तो पुलिस को उसके कब्जे से एक अवैध पिस्टल मिली थी और आकाश बंजारा अपने पास चाकू रखे हुए था।

रोहित राठौड़ ने तब पुलिस को बताया था कि उसे यह पिस्टल रोहिताश्व उर्फ रोहित श्रीमाली ने उसकी सुरक्षा के लिए उपलब्ध कराई थी। रोहिताश्व को कुख्यात अपराधी हेमन्त उर्फ सर्किट से जान का खतरा बताया जा रहा था और उसने गमेर सिंह उर्फ जॉन के जरिए पिस्टल मंगवाकर रोहित राठौड़ को दी थी। रोहिताश्व श्रीमाली रोहित राठौड और यशपाल सिंह के जरिए हेमन्त से बदला लेना चाहता था और इसके लिए उसने रोहित राठौड़ को सुपारी दी थी। जांच के बाद रोहित राठौड़ को धानमंडी थाना पुलिस ने अदालत में पेश किया था।

# पीसीसी के कोषाध्यक्ष पद से सीताराम अग्रवाल का इस्तीफा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर । जयपुर में विद्याधर नगर विधानसभा सीट से चुनाव हराने के बाद सीताराम अग्रवाल ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है ।

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा को भेजे त्यागपत्र में सीताराम अग्रवाल ने लिखा है कि पार्टी ने दो बार मुझे विद्याधरनगर विधानसभा सीट से प्रत्याशी के रूप में टिकट दिया, लेकिन कांग्रेस पार्टी की आशा के अनुरूप विद्याधर नगर विधानसभा से अनुकुल परिणाम नहीं ला सका । इसलिए हार की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष पद से इस्तीफा देता हूं । पत्र में यह भी लिखा है कि वह साधारण कार्यकर्ता की तरफ पार्टी की सेवा करते रहेंगे।

# सहायक सैन्य दुर्ग अभियंता रिश्वत लेते गिरफ्तार

कोटा। सीबीआई ने सैन्य दुर्ग अभियंता के कार्यालय कोटा में कार्यरत सहायक सैन्य दुर्ग अभियंता (एजीई/संविदा) को 1,10,000 रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी ने शिकायतकर्ता से लंबित बिलों को पास करने के लए 1,50,000 रुपए एवं पूर्व की निविदाओं को बढ़ाने के लिए 10,000 रुपए की मांगे थे। जानकारी के अनुसार सैन्य दुर्ग अभियंता कार्यालय, कोटा में कार्यरत एजीई (संविदा) लंबित बिलों को पास करने के लए 1,50,000 रुपए एवं शिकायतकर्ता की पूर्व की निविदाओं को बढ़ाने के लिए 10,000 रुपए की मांग कर रहा था।

# उत्तर प्रदेश में 10 कंपनियां करेंगी 1.11 लाख करोड़ रुपए का निवेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/वार्ता।** टाटा, हीराचंदानी, टस्को और ग्रीनको समेत दस दिग्गज कंपनिया उत्तर प्रदेश में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश कर सकती हैं।

अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशानिर्देशन में सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के प्रथम फेज की तैयारी में जुटी हुई है। फरवरी में हुए यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स के बाद अबतक यूपी को 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। वहीं जीबीसी के पहले फेज में सरकार और उद्यमी 13 लाख करोड़ से अधिक के निवेश को धरातल पर उतारने के लिए तैयार हैं। प्रथम फेज में निवेश के मामले में जिन टॉप 10 कंपनियों की चर्चा हो रही है उनमें टाटा, हीरानंदानी, टस्को, ग्रीनको जैसे दिग्गजों के नाम शामिल हैं। ये कंपनियां प्रदेश के अंदर डेटा सेंटर, रिटेल मार्ट, स्किल डेवलपमेंट और



ऊर्जा जैसे सेक्टर में निवेश करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

उन्होने बताया कि जीबीसी के प्रथम फेज में सबसे बड़े निवेश के तौर पर एनआईडीपी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड (हीरानंदानी) ग्रुप की ओर से गौतमबुद्ध नगर में डेटा सेंटर पार्क के निर्माण में होने जा रहा है। 30 हजार करोड़ का ये निवेश यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में स्थापित करने की तैयारी है। वहीं 27 हजार करोड़ से अधिक का निवेश एनटीपीसी लिमिटेड की ओर से किया जाना है।

सूत्रों ने बताया कि एनटीपीसी प्रदेश में ऊर्जा सेक्टर में दो संयंत्र स्थापित करने के लिए तैयार है। इनमें एक झांसी में और दूसरा सोनभद्र में स्थापित किया जाएगा। इसके लिए सोनभद्र के ओबरा में सुपर थर्मल पॉवर प्लांट की स्थापना के लिए यूपी राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि. बोर्ड से अनुमोदन भी प्राप्त हो चुका है। इसके साथ ही 17 हजार करोड़ से अधिक की परियोजना ग्रीनको कंपनी की ओर से सोनभद्र में स्थापित होने जा रही है। ऑफ स्ट्रीम क्लोज लूप पंप स्टोरेज परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। इसी प्रकार 8 हजार करोड़ की परियोजना सिफी इनफिनिट स्पेस लिमिटेड की ओर से धरातल पर उतारी जा रही है। ये प्रोजेक्ट आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स में है, जिसे नोएडा में डेटा सेंटर की स्थापना हो रही है। ये परियोजना निर्माणाधीन है। इसके अतिरिक्त 7500 करोड़ की परियोजना एम3एम इंडिया प्रा लिमिटेड की ओर से नोएडा में लगने जा रही है। ये रियल स्टेट की परियोजना है। इसके लिए नोएडा के सेक्टर-94 में 52 हजार वर्ग मीटर भूमि आवंटित की जा चुकी है। साथ ही रेरा से अनुमोदन प्राप्त हो चुका है।



## ओडिशा सरकार जगन्नाथ मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए वातानुकूलित संरचना स्थापित करेगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा सरकार ने जगन्नाथ मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कतार प्रबंधन प्रणाली को सुव्यवस्थित करने के वास्ते पुरी स्थित ग्रैंड रोड पर वातानुकूलित लचीली फैब्रिक संरचना स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

'ओडिशा ब्रिज एंड कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन लिमिटेड' (ओबीसीसी) के एक वरिष्ठ अभियंता प्रभात कुमार पाणिग्रही ने कहा कि कपड़े की यह लचीली संरचना तीन तरफ से ढकी होगी और यह एक सुरंग की तरह दिखेगी। यह 12 मीटर चौड़ी और 84 मीटर लंबा होगी। ओबीसीसी, पुरी में विरासत गलियारा परियोजना के तहत विभिन्न बुनियादी ढांचे का कार्यान्वयन कर रहा है। पाणिग्रही ने कहा कि यह संरचना ग्रैंड रोड पर मंदिर से पहले धर्मज्योति लॉज से मंदिर कार्यालय तक नाले से लगभग दो मीटर की दूरी पर स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि समर्पित गलियारे का उपयोग केवल मंदिर में प्रवेश के लिए किया जाएगा।

वर्तमान में 12वीं शताब्दी के मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश के लिए मंदिर के सामने एक अस्थायी संरचना स्थापित की गई है।

अभियंता ने कहा कि बुजुर्ग श्रद्धालुओं और बच्चों को मंदिर में प्रवेश करने से पहले घंटों कतार में खड़ा रहना पड़ता है, जिससे उन्हें कठिनाई होती है।

पाणिग्रही ने कहा कि मंदिर में भक्तों की सुचारू यात्रा सुनिश्चित करने के लिए वातानुकूलित संरचना स्थापित करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि ढांचा स्थापित करने के लिए बुधवार को माप लेने की प्रक्रिया शुरू की गई तथा इसे 25 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

## अयोध्या में शुरु होगा सिटी बसों का संचालन

**अयोध्या/वार्ता।** श्रीराम की नगरी अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले सिटी बसों का संचालन शुरू करने की तैयारी की जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम की ओर से नगरीय बसों का एक बेड़ा संचालित किया जायेगा। शहर में 50 ई-बसें चलाने की योजना है हालांकि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पहले केवल 25 बसों को चलाने की योजना बनायी जा रही है। नगर निगम अयोध्या नगरीय परिवहन सेवा उपलब्ध कराने जाने के लिये नगर निगम द्वारा नगरीय बसों का एक बेड़ा सडक़ पर उतारा जा रहा है। बसों का संचालन परिवहन विभाग करेगा लेकिन इसकी निगरानी नगर निगम के पास होगी। लखनऊ की तरह ही अयोध्या शहर व अयोध्या धाम में ही वातानुकूलित बसों को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पहले शुरू कराये जाने की व्यापक तैयारियां चल रही हैं।

## अयोध्या में होटलों को लीज पर लेने की प्रक्रिया शुरु

**अयोध्या/वार्ता।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी में श्रीरामजन्मभूमि पर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले अयोध्या के होटलों पर मासिक और वार्षिक किराया देकर लीज पर इनका संचालन अपने हाथों में लेने की प्रक्रिया शुरु हो गयी है।

श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। इससे पहले अयोध्या में नये होटल का निर्माण और पुराने होटलों को मासिक और वार्षिक किराया देकर लीज पर इसका संचालन अपने हाथों में लेने की प्रक्रिया तेजी से शुरु हो गयी है। रामनगरी में पर्यटकों को हिल स्टेशन और बड़े महानगरों की तरह उच्च स्तरीय सुविधायें मिलने की उम्मीद जतायी जा रही है। यह अलग बात है कि इसके लिये यहां ठहरने वाले अतिथियों को पहले की अपेक्षा अधिक रकम खर्च करनी पड़ सकती है। आने वाले समय में अयोध्या में बड़ी संख्या में देश-विदेश के पर्यटकों का आगमन होना तय है। इसी को ध्यान में रखकर यहां पर कई नये होटलों की स्थापना के लिये इन्वेस्टर्स समिट में एमओयू भी हो चुके हैं। कुछ होटल निर्माणाधीन हैं। कई के लिये भूमि की तलाश की जा रही है। इस बीच कुछ नये समूहों ने एक नया रास्ता तलाश लिया है।

## भाजपा नतीजों के तीन दिन बाद भी मुख्यमंत्री तय नहीं कर पाई, उससे सवाल क्यों नहीं : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में मुख्यमंत्रियों के नाम की घोषणा में 'देरी' को लेकर बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर कटाक्ष करते हुए कहा कि चुनाव नतीजों के तीन दिन बीत जाने के बावजूद भाजपा इन प्रदेशों में नाम तय नहीं कर पाई है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि आखिर भाजपा से इस 'देरी' के लिए सवाल क्यों नहीं किया जा रहा है, जबकि कांग्रेस से 24 घंटे में ही सवाल शुरू हो जाते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''तीन दिसंबर को चुनाव परिणाम आए थे। उसके 24 घंटे के भीतर ही तेलंगाना के मुख्यमंत्री की नियुक्ति में तथाकथित 'देरी' के लिए मीडिया में सभी जगह कांग्रेस पार्टी की आलोचना होने लगी थी। हमारे मुख्यमंत्री की घोषणा तो परसों ही हो चुकी है और आज दोपहर एक बजे वह शपथ लेने जा रहे हैं।'' रमेश ने कहा, ''तीन दिन बीतने के बाद भी भाजपा छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान के लिए अपने मुख्यमंत्रियों की घोषणा तक नहीं कर पाई है। इसे उतनी ही बेचैनी और प्रमुखता से क्यों नहीं उठाया जा रहा है, जैसे कांग्रेस के समक्ष उठाया जाता है। क्या वास्तव में देर नहीं हो रही है?'' कांग्रेस ने मंगलवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री के रूप में अपनी प्रदेश इकाई के अध्यक्ष रेवंत रेड्डी के नाम की घोषणा कर दी थी। हालिया विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भाजपा को जीत मिली है, जबकि तेलंगाना में कांग्रेस जीती है।

## जम्मू कश्मीर में 11 महीने में रिकार्ड दो करोड़ पर्यटक पहुंचे



**नई दिल्ली/वार्ता।** सरकार ने कहा है कि उसकी नीतियों से जम्मू कश्मीर में पर्यटन क्षेत्र मजबूत हुआ है और इस वर्ष केवल 11 महीने में रिकार्ड दो करोड़ पर्यटकों ने केन्द्र शासित प्रदेश की यात्रा की है।

पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी ने गुरुवार को राज्यसभा में पूरक प्रश्नों के जवाब में बताया कि अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद मौजूदा वर्ष के पिछले 11 महीनों में जम्मू कश्मीर में दो करोड़ पर्यटक गये जो जम्मू कश्मीर के इतिहास में एक रिकार्ड है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सदन में मौजूदगी के दौरान श्री रेड्डी ने कहा कि श्री मोदी दुनिया भर में भारत के पर्यटन एम्बेसडर हैं। वह जिस भी देश की यात्रा पर जाते हैं वहां भारत में पर्यटन की असीम संभावनाओं के बारे में विशेष रूप से बात करते हैं। उन्होंने कहा कि देश में हाल ही में संपन्न हुए जी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान भी भारत में पर्यटन की संभावनाओं पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया। सम्मेलन की बैठकों का देश भर में आयोजन किया गया । उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन के सकारात्मक परिणामों में से एक यह भी है कि देश के पर्यटन क्षेत्र को भी इसका फायदा मिला।

एक अन्य प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत सरकार की ओर से अब देश में होटल नहीं खोले जा रहे हैं बल्कि युवा पर्यटन क्लबों को बढावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक देश में विभिन्न संस्थानों में 35 हजार युवा पर्यटन क्लब खोले गये हैं।

## 'केशवानंद भारती' फैसला अब 10 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध : प्रधान न्यायाधीश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि संविधान की ''बुनियादी संरचना'' सिद्धांत को निर्धारित करने वाला ऐतिहासिक 'केशवानंद भारती' फैसला अब उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर 10 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है। इस फैसले के 50 साल पूरे हो गए हैं।

''बुनियादी संरचना'' सिद्धांत पर 1973 के प्रशंसित फैसले ने संविधान में संशोधन करने की संसद की व्यापक शक्ति को खत्म कर दिया था और साथ ही न्यायपालिका को इसके उल्लंघन के आधार पर किसी भी संशोधन की समीक्षा करने का अधिकार दिया। प्रधान न्यायाधीश ने असम में अवैध प्रवासियों से संबंधित नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए की संवैधानिक वैधता की जांच करने संबंधी याचिका पर सुनवाई शुरू होने से पहले कहा, ''वर्ष 2023 में केशवानंद भारती मामले में फैसले के 50 साल पूरे हो रहे हैं। हमने फैसले को लेकर एक 'वेब-पेज' बनाया है... समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचने के लिए मैंने सोचा कि हम इसका भारतीय भाषाओं में अनुवाद कर सकते हैं क्योंकि भाषा संबंधी बाधाएं लोगों को अदालत के कामकाज को वास्तव में समझने से रोकती हैं।'' प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अब यह फैसला हिंदी, तेलुगु, तमिल, उड़िया, मलयालम, गुजराती, कन्नड़, बंगाली, असमिया और मराठी में उपलब्ध है।



## चक्रवात 'मिगजॉम' से आंध्र प्रदेश में हजारों एकड़ की फसल बर्बाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अमरावती/भाषा।** चक्रवात 'मिगजॉम' ने तेज हवाओं और भारी बारिश के साथ पांच दिसंबर को आंध्र प्रदेश तट पर दस्तक दी और राज्य में हजारों एकड़ की फसलों को तबाह कर दिया जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है।

राज्य सरकार ने मुआवजा देने का आश्वासन दिया है, लेकिन पट्टे पर ली गयी जमीन पर खेती करने वाले किसानों को राहत मिलने की उम्मीद नहीं है, क्योंकि उन्हें लगता है कि यह मुआवजा शायद उन तक न पहुंचे। संभवत: जमीन के मालिक उनके साथ राहत राशि साझा नहीं करेंगे। नेल्लोर जिला प्रशासन द्वारा साझा की गयी सूचना के अनुसार, 8,400 एकड़ से अधिक की कृषि फसल और 1,700 एकड़ की बागवानी फसल नष्ट हो गयी है।

राज्य में फसलों के नुकसान का आकलन अभी किया जाना बाकी है। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक नोट में कहा गया है कि बारिश का पानी कम होने के बाद कृषि और बागवानी नुकसान का आकलन किया जाएगा। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, नागरिक आपूर्ति मंत्री के. वेंकट नागेश्वर राव ने मछलीपत्तनम में गोपुवनीपालेम, कोंडीपारु, ताराकातुरु, अर्थामुरु और सुल्तान नगरम गांवों का दौरा किया। पश्चिम गोदावरी जिले में ताडेरु गांव के पट्टे पर ली गयी जमीन पर खेती करने वाले किसान गिली वेंकेश्वर राव ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''सरकार जो भी मुआवजा देगी, वह खेत के मालिकों के पास जाएगा, न कि किराये पर खेती कर रहे किसानों के पास....बमुश्किल 10 फीसदी जमीन मालिक किसानों के साथ मुआवजा साझा करेंगे।'' चक्रवात के कारण मची तबाही को याद करते हुए वेंकेटश्वर राव ने बताया कि उन्होंने तीन दिसंबर को बारिश शुरू होने से पहले फसल काट ली थी, लेकिन बारिश में धान भीग गया।

## महिला ने अपनी मां पर लगाये बेचने के आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**गोरखपुर (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के चिलुआताल इलाके की एक 18 वर्षीय महिला ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों से संपर्क कर आरोप लगाया है कि उसे उसकी मां ने उसके पति को बेच दिया था और वह उसका उत्पीड़न करता है । पुलिस अधीक्षक (उत्तर) मनोज अवस्थी ने बृहस्पतिवार को कहा, महिला ने बुधवार को हमसे संपर्क किया और दावा किया कि वह चिलुआताल थाना क्षेत्र के महेसरा इलाके की रहने वाली है, और उसे हरियाणा के एक व्यक्ति को बेच दिया गया था और उससे शादी करा दी गई थी।''

अपनी शिकायत में महिला ने आरोप लगाया कि उसकी मां ने उस आदमी से चार लाख रुपये लिए थे जिसके हाथों उसे बेचा गया था। शिकायत में कहा गया है कि 23 नवंबर को यहां उसके मायके में आयोजित एक विवाह समारोह में उसकी उस व्यक्ति से शादी कर दी गई और इसके बाद वह हरियाणा चली गई जहां उसके साथ बुरा व्यवहार किया गया । महिला ने आरोप लगाया है कि उसके पति ने उसका शारीरिक शोषण किया और उसे अवैध गतिविधियों में शामिल होने के लिए भी मजबूर किया। चिलुआताल पुलिस स्टेशन के थाना प्रभारी (एसएचओ) संजय मिश्रा ने कहा, महिला द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है।

## बिजनौर में किसान की हत्या मामले में अभिनेता समेत चार लोग गिरफ्तार

**बिजनौर (उप्र)/भाषा।** बिजनौर जिले के बढ़ापुर क्षेत्र में पेड़ काटने के विवाद को लेकर एक किसान की गोली मारकर हत्या करने के आरोप में अभिनेता भूपिंदर सिंह समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मामले में संबंधित थाना प्रभारी समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक धर्म सिंह मार्छाल ने बताया कि पिछले रविवार को बढ़ापुर थाना क्षेत्र के कुआखेड़ा गांव में अपनी और अपने पड़ोसी की संपत्ति की सीमा पर लगे एक पेड़ को काटने को लेकर हुए विवाद में भूपिंदर सिंह ने पड़ोसी किसान गुरदीप, उसके बेटे गोविंद और अमरीक को अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली मार दी थी। इस घटना में गोविंद (23) की मौत हो गई थी। गंभीर रूप से घायल गुरदीप और अमरीक को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने आरोपी भूपिंदर और उसके तीन साथियों को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित पक्ष के मुताबिक उन्होंने 19 नवंबर को पुलिस को पत्र देकर पेड़ काटने की कोशिश की शिकायत की थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए बढ़ापुर के थाना प्रभारी सुमित राठी, इंस्पेक्टर यासीन और कांस्टेबल कृष्ण कुमार को निलंबित कर दिया गया है।

## उत्तर प्रदेश: नोएडा में गैर पंजीकृत 32 कोचिंग सेंटर कराये गए बंद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नोएडा (उत्तर प्रदेश)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले के नोएडा में शिक्षा विभाग ने कार्रवाई करते हुए गैर पंजीकृत 32 कोचिंग सेंटर को बंद कराया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. धर्मवीर सिंह ने बताया कि पंजीकृत कोचिंग सेंटर की संख्या सिर्फ 35 है। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के लिए 12 टीम बनाई गईं और बुधवार को अभियान चलाकर गैर पंजीकृत 32 कोचिंग सेंटर को चिह्नित किया गया। सिंह ने बताया कि सभी को पंजीकरण संबंधी दस्तावेज मुहैया कराने का मौका दिया गया, लेकिन वे ऐसा करने में विफल रहे। इसके बाद कार्रवाई करते हुए सभी को तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया गया।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा, ''सभी को चेतावनी दी गई है कि अगर सेंटर में फिर से कक्षा शुरू की गई तो संचालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।''

## गौतम गंभीर ने मुझे फिक्सर कहा: श्रीसंत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

### जांच करेगा एलएलसी



**सूरत/भाषा।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत के गुरुवार को यहां लीजेंड्स लीग (एलएलसी) क्रिकेट के मैच के दौरान गौतम गंभीर पर उन्हें 'फिक्सर' कहने का आरोप लगाने के बाद एलएलसी ने कहा कि वह इसकी आंतरिक जांच करायेगा। एलएलसी ने कहा कि अगर किसी भी खिलाड़ी के खिलाफ गलत आचरण के साक्ष्य मिलते हैं तो इससे सख्ती से निपटा जायेगा।

बुधवार को इंडियन कैपिटल्स और गुजरात जायंट्स के बीच एलएलसी के एलिमिनेटर मैच के दौरान श्रीसंत और उनके पूर्व साथी गंभीर के बीच तीखी बहस हो गयी थी। इसके बाद दोनों विश्व कप विजेता खिलाड़ियों को अलग करने के लिए अंपायर को हस्तक्षेप करना पड़ा। श्रीसंत ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लाइव आकर कहा, ''वह लाइव टीवी पर मुझे 'फिक्सर फिक्सर' कहता रहा, तुम फिक्सर हो। ''श्रीसंत ने कहा, ''मैंने सिर्फ यही कहा, आप क्या कह रहे हो। मैं मजाकिया अंदाज में हंसता रहा। जब अंपायर उन्हें शांत करने की कोशिश कर रहे थे तो उन्होंने उनसे भी इसी भाषा में बात की।''

श्रीसंत पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2013 में स्पॉट फिक्सिंग प्रकरण में उनकी कथित लिप्तता के कारण बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) की अनुशासनात्मक समिति ने आजीवन प्रतिबंध लगाया था।

लेकिन उच्चतम न्यायालय ने 2019 में इस प्रतिबंध को घटाकर सात साल का कर दिया था।

एलएलसी की आचार संहिता एवं नैतिक समिति के प्रमुख सैयद किरमानी ने गुरुवार को एक बयान में कहा, ''लीजेंड्स क्रिकेट लीग क्रिकेट और खेल भावना को बनाये रखने की कोशिश करती है और आचार संहिता के इस उल्लघंन के लिए एक आंतरिक जांच की जायेगी। मैदान के बाहर या अंदर, या फिर सोशल मीडिया मंच पर हुए किसी भी तरह के गलत आचरण से सख्ती से निपटा जायेगा। ''

## पांच राज्यों के चुनाव परिणाम से सबक लेने की जरूरत : दीपंकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**पटना/वार्ता।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने आज कहा कि हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत ने वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के नतीजे उसके पक्ष में तय नहीं कर दिए हैं लेकिन इससे उचित सबक लेने की जरूरत है।

भट्टाचार्य ने जाति आधारित गणना और सामाजिक-आर्थिक सर्वे के आंकड़ों के आलोक में गुरुवार को पार्टी के 'बदलाव के संकल्प' के साथ आयोजित राज्यस्तरीय कार्यकर्ता कन्वेंशन को संबोधित करते हुए कहा कि हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत ने वर्ष 2024 के नतीजे उसके पक्ष में तय नहीं कर दिए हैं लेकिन इससे उचित सबक लेने की जरूरत है। अगर हम ऐसा करते हैं तो 2024 में भाजपा को सत्ता से बेदखल करना पूरी तरह संभव है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में निर्णायक जीत के लिए आज के ज्वलंत मुद्दों पर एक सशक्त जन अभियान शुरू करने की जरूरत है। माले महासचिव ने कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में पूरे देश की नजर बिहार पर है। बिहार में भाजपा के खिलाफ एक बड़ा गठबंधन है। यदि महागठबंधन सरकार सही रास्ते पर चले और संघर्ष के मुद्दों पर केंद्रित हो, तो भाजपा की हार निश्चित है। उन्होंने आगे कहा कि बिहार का सामाजिक-आर्थिक सर्वे सरकारों की विफलता के आंकड़े हैं। लंबे समय से बिहार में 'डबल इंजन' की ही सरकार थी। यह सर्वे किसानों की आय दुगनी करने और हर गरीब को पक्का मकान देने के नरेंद्र मोदी सरकार के वादे की भी पोल खोल रहा है। बिहार सरकार ने सच को स्वीकार किया है लेकिन केंद्र सरकार आंकड़ों को छुपाकर जले पर नमक छिड़क रही है।

भट्टाचार्य ने कहा कि गरीब परिवारों के लिए वित्तीय सहायता, वंचितों के आरक्षण का विस्तार और बिहार को विशेष राज्य का दर्जा की मांग का स्वागत है लेकिन लोगों की स्थायी आमदनी बढ़ाने के उपाय ढूंढने चाहिए। उन्होंने कहा कि 34 प्रतिशत लोग अतिगरीबों की श्रेणी में हैं, 64 प्रतिशत आबादी को गरीब कहना चाहिए। लोग भारी कर्ज और पलायन के जरिए जैसे-तैसे अपना जीवन-यापन कर रहे हैं।

## सुविचार

**जिंदगी में इतनी गलतियाँ न करो कि पेंसिल से पहले रबर ही घिस जाये और रबर को इतना मत घिसो कि जिंदगी का पेज ही फट जाये।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# यह खामोशी क्यों?

नोबेल शांति पुरस्कार विजेता पाकिस्तानी नागरिक मलाला यूसुफजई का अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान के काबिज होने के बाद वहां महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हो रहे 'लैंगिक भेदभाव' को लेकर चिंतित होना और पूरी दुनिया का इस ओर ध्यान दिलाते हुए मुकाबला करने की अपील करना प्रशंसनीय है, लेकिन उनके शब्दों पर एक राजस्थानी कहावत सटीक बैठती है– 'डूंगर बळती दीखै, पगां बळती कोनी दीखै'। बेशक अफगानिस्तान में तालिबान शासन लौटने के बाद महिलाओं और लड़कियों पर जुल्म हो रहा है। उनके लिए स्कूल–कॉलेजों के दरवाजे बंद कर दिए गए हैं। वे स्वतंत्रतापूर्वक नौकरी और रोजगार नहीं कर सकतीं। इन महिलाओं को जुल्म से निजात मिलनी ही चाहिए। इन्हें पढ़ाई, नौकरी, रोजगार ... के मौके जरूर मिलने चाहिएं। मलाला को इनके हक के लिए आवाज उठानी चाहिए। सवाल यह है कि मलाला इतने ही जोर–शोर से कोई अपील उन हिंदू, सिक्ख और ईसाई बच्चियों के लिए क्यों नहीं करतीं, जो उनके मुल्क पाकिस्तान में जुल्म और ज्यादती का सामना कर रही हैं? हर साल सैकड़ों की तादाद में इन मासूम बच्चियों का अपहरण और जबरन धर्मांतरण होता है। सिंध में तो हालात भयावह हैं। वहां हिंदू अपनी बच्चियों को स्कूल भेजने से भी डरते हैं। सिंध के कई हिंदू, जो आर्थिक दृष्टि से काफी साधन–संपन्न हैं, वे सिर्फ इसलिए भारत का रुख कर रहे हैं, ताकि उनकी बेटियां सुरक्षित रहें। इन बच्चियों के अपहरण और जबरन धर्मांतरण की घटनाएं पहले भी होती थीं, लेकिन तब मीडिया की उपस्थिति सीमित थी। आज सोशल मीडिया के कारण ऐसे मामलों को दबाकर रखना मुश्किल होता है। हर महीने ऐसा कोई बड़ा मामला चर्चा में रहता है, जिसे पाकिस्तानी मीडिया भले ही स्थान न दे, लेकिन सोशल मीडिया पर आवाजें उठाई जाती हैं।

क्या मलाला नहीं जानतीं कि पाकिस्तान में हिंदू, सिक्ख व ईसाई बच्चियों के साथ क्या हो रहा है? उन्होंने उनकी सुरक्षा के लिए अब तक कितनी बार आवाज उठाई? यह खामोशी क्यों? मलाला को अफगानिस्तान, सीरिया, इराक, यमन, रोहिंग्या आदि की चिंता होती है, जरूर होनी चाहिए। एक इन्सान दूसरे इन्सान का दर्द नहीं समझेगा तो कौन समझेगा, लेकिन उनके कानों में इन पाकिस्तानी बच्चियों की चीखें क्यों नहीं पहुंचतीं? आखिर वे भी तो इन्सान हैं, वे भी दु:ख–दर्द महसूस करती हैं, उनकी भी गरिमा है, वे भी आत्मसम्मान रखती हैं! मलाला ने सच कहा है कि 'तालिबान की सत्ता के बाद अफगानिस्तान ने केवल बुरे दिन देखे हैं। कम से कम ढाई वर्ष हो गए हैं और अधिकतर लड़कियों ने स्कूल का मुंह नहीं देखा है।' मलाला ने संयुक्त राष्ट्र से 'अफगानिस्तान की वर्तमान स्थिति को लैंगिक भेदभाव मानने' की अपील की और उन खबरों का जिक्र किया, जिनमें कहा गया है कि वहां 'महिलाओं को हिरासत में लिया जा रहा है, जेलों में डाला जा रहा है, पीटा जा रहा है, जबरदस्ती निकाह कराया जा रहा है।' मलाला यह क्यों भूल जाती हैं कि पाकिस्तान में भी ऐसी हजारों बच्चियां हैं, जो इस खौफ में जी रही हैं कि कहीं उन्हें अगवा कर धर्मांतरित न कर दिया जाए? धर्मांतरण के बाद इन बच्चियों का जल्द से जल्द निकाह करवा दिया जाता है। फिर उनके पास अपने माता–पिता के घर लौट आने का कोई रास्ता नहीं बचता। अगर मामला पुलिस और अदालत तक पहुंचता है तो वे अपने माता–पिता को पहचानने से इन्कार कर देती हैं, क्योंकि उन्हें धमकी दी जाती है कि उन्होंने लौटने की कोशिश की तो पूरे परिवार की हत्या कर दी जाएगी। इसलिए वे मजबूरन खामोश रहती हैं। मलाला को चाहिए कि वे दुनियाभर के शोषितों–पीड़ितों के लिए जरूर आवाज उठाएं, पुरजोर तरीके से उठाएं, लेकिन दो शब्द उन बच्चियों के लिए भी बोल दें, जिनसे उनके मुल्क पाकिस्तान में बुनियादी मानवाधिकार तक छीन लिए गए हैं।

## ट्वीटर टॉक



भारतीय सेना के बलिदान के प्रतीक सशस्त्र सेना झंडा दिवस की सभी वीर जवानों और अधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएँ। देश की आन, बान और शान को समृद्ध करते हुए सेना का ध्वज सदैव विजय गाथा के साथ उच्च शिखर पर फहरता रहे ऐसी कामना करता हूँ।

**–ओम बिरला**



संसदीय दल की बैठक में उस गर्वपूर्ण अवसर का सहभागी बना जिसमें हमारे प्रिय प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी का सम्मान हुआ और उनके आशीर्वचन सुनने का सौभाग्य मिला। मोदी जी सेवा को सर्वश्रेष्ठ मानते हैं और इससे ही जनता में भाजपा का असीम विश्वास बना है।

**–गजेन्द्र सिंह शेखावत**



राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा की प्रचंड विजय इस बात का प्रतीक है कि कि मोदी जी की गारंटी के आगे कांग्रेस के झूठे वादे और दावे नहीं चले। आज संसदीय दल की बैठक में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का सांसदों द्वारा शानदार स्वागत किया।

**–वसुंधरा राजे**

## प्रेरक प्रसंग

# संगति से प्रवृत्ति

एक दिन गुलाब का पौधा राजनीतिज्ञ के पास कुछ सीखने के उद्देश्य से पहुंचा। राजनीतिज्ञ ने सिखाया, 'जो जैसा व्यवहार करता है, उसके साथ वैसा ही व्यवहार करना चाहिए। दुष्ट के साथ दुष्टता करना ही नीति है, यदि ऐसा न किया गया तो संसार तुम्हारे अस्तित्व को मिटाने में लग जाएगा।' गुलाब ने उस राजनीतिवेत्ता की बात गांठ बांध ली। घर लौटकर आया तो अपनी सुरक्षा के लिए कांटे उत्पन्न करने लगा। जो कोई उसकी ओर हाथ बढ़ाता वह कांटे छेद देता था।

कुछ दिनों बाद उस पौधे को एक साधु से सत्संग करने का अवसर मिल गया। साधु ने उसे बताया, 'परोपकार में अपने जीवन को खपाने वाले से बढ़कर सम्माननीय कोई दूसरा नहीं होता।' परिणामस्वरूप गुलाब ने उसी दिन अपने प्रथम पुष्प को जन्म दिया। उसकी सुंगध दूर–दूर तक फैलने लगी। जो भी पास से गुजरता, कुछ क्षण के लिए उसके सौंदर्य तथा सुरभि से मुग्ध हुए बिना न रहता। व्यक्ति को जैसी संगति–साथ मिलता है, वह वैसा ही बन जाता है। अतः अच्छे लोगों का संग ही करना चाहिए।

## सामयिक

# निरंतर श्रम, संयम के बिना जीवन व्यर्थ

संजीव ठाकुर
मोबाइल : 9009 415 415

> **प्रभावशाली व्यक्तित्व के निर्माण में समय की प्रतिबद्धता एवं समय पर कार्य करने की अदम्य लालसा का बड़ा महत्व है। यदि आप सही समय पर सही कार्य करेंगे एवं अपने संपूर्ण कार्य समय पर प्रतिपादित करने की आदत डालेंगे, तो कार्यों की सफलता की एक तरह से संपूर्णता दिखाई देने लगती है। यदि कहीं मीटिंग या किसी व्यक्ति को आप अपने समय दिया है तो आप वहां समय पर ही पहुंच कर मीटिंग का संपादन करें, आज के युग में किसी को किसी का इंतजार करना पसंद नहीं आता है। ऐसे में काम की सफलता की गुंजाइश कम हो जाती है। और किसी को किसी भी कार्य के लिए इंतजार करवाना अच्छे व्यक्तित्व के निर्माण के प्रतिकूल प्रभाव डालता है। यदि आप नौकरी में हैं, व्यवसाय में हैं या जन प्रतिनिधि हैं, तो लोगों की बातें सुनने का आप में पर्याप्त संयम भी होना चाहिए।**

सफलता रातों रात नहीं मिलती। जो सफलता भाग्य से मिलती है वह जल्द ख़त्म भी हो सकती है। इसलिए निरंतर मेहनत, श्रम करने आदत होनी चाहिए, साथ में यदि उच्च मनोबल हो तो सोने पे सोहागा होती है और इससे प्राप्त सफलता स्थाई और चिरंतर होती है। जीवन में अच्छे लक्ष्य को लेकर की गई मेहनत सार्थक होती है और कभी व्यर्थ जाया नहीं होती है। वर्तमान के आपाधापी एवं कठिन जीवन शैली में हर व्यक्ति चाहता है कि उसे प्राथमिकता मिले और उसके सब कार्य तत्काल पूर्ण हो जाए। भारत की जनसंख्या के हिसाब से हर स्थान, हर जगह जबरदस्त प्रतियोगिता का वातावरण निर्मित हो चुका है। एक काम के लिए हजारों लोग लाइन में लगे हुए हैं, मूलत किसी पद को पाने के लिए इतनी ज्यादा प्रतियोगिता एवं प्रतिस्पर्धा है कि साधारण कद काठी एवं सामान्य व्यक्तित्व का व्यक्ति भीड़ में कहीं खो जाता है अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने से वंचित रह जाता है।असफलता के कारण मानसिक दबाव जिंदगी भर रहने लगता है, ऐसे व्यक्तित्व विकास मनुष्य के जीवन में एक कड़ी और चुनौतीपूर्ण जीवन रेखा है। ऐसे में व्यक्ति को शानदार व्यक्तित्व बनाने के लिए बड़ी मेहनत एवं कठिन तपस्या की आवश्यकता होती है। तभी वह इस प्रतिस्पर्धात्मक जीवन शैली में अपने आप को सही और सटीक स्थापित कर पाता है।

व्यक्तित्व विकास के साथ मनुष्य अपना जीवन दूसरों की तुलना में बेहतर तरीके से गुजार पाता है, ऐसे में लोगों एवं आप के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों के मन में आपके प्रति सकारात्मक एवं अच्छे विचार आते हैं। आपका प्रभाव भी लोगों पर आपकी कार्यप्रणाली पर अच्छा होने लगता है। अच्छे व्यक्तित्व का मालिक अपने प्रतिदिन के काम में सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा तथा शक्ति प्रदान कर पाता है और धीरे–धीरे वह लोगों से अलग दिखाई देने लगता है, आमजन उससे जुड़ना चाहते है, और आपकी तरह बनने के सपने देखने लगते हैं। वर्तमान समय में शायद ऐसा ही कोई व्यक्ति होगा जो शानदार व्यक्तित्व का धनी एवं मालिक ना बनना चाहता होगा। यदि आपकी पर्सनैलिटी यानी व्यक्तित्व साधारण एवं निम्न स्तर का है, तो आपको अपने व्यक्तित्व को निखारना ही होगा, तब जाकर आप किसी अच्छे पद,व्यवसाय किसी महान लक्ष्य को संचालित कर सकते हैं। ऐसे में आप यदि नकारात्मक सोच के व्यक्ति हैं तो आपको अपने व्यक्तित्व निर्माण में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। नकारात्मक सोच के व्यक्ति को हमेशा कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, और उसे इन्हीं परेशानियों का निदान भी सूझता नहीं है, पर जिनका का सकारात्मक रवैया होता है, उन्हें हर कठिनाई, परेशानी में निदान के उपाय एवं तरीके अपने सूझ बुझ से निकालने का फार्मूला मालूम होता है। ऐसे व्यक्तियों का काम कभी रुकता नहीं और वे निर्बाध गति से आगे बढ़ते जाते हैं।

यह सर्वविदित सत्य है की आपका संव्यवहार आपके व्यक्तित्व का दर्पण होता है। हर कार्य के संचालन संपादन में आपके व्यक्तित्व की परछाई स्पष्ट परिलक्षित होती है, आपका व्यवहार आपके चरित्र तथा स्वभाव के बारे में सब कुछ बता देता है, और उसका इसका बड़ा व्यापक प्रभाव भी दृष्टिगोचर होता है, व्यक्तित्व विकास न सिर्फ आपकी निजी जिंदगी में प्रभाव डालता है वरन आपकी व्यवसाय और लक्ष्य में भी सकारात्मक एवं प्रभावकारी होता है। जब आप एक अच्छे व्यक्तित्व और सकारात्मक विचार वान व्यक्ति होते हैं तो आप काफी उत्साही एवं आत्मविश्वास से भरपूर भी हो सकते हैं, और आत्मविश्वास से परिपूर्ण व्यक्ति जिंदगी में हर मुश्किल को पार कर एक सफल व्यक्तित्व का धनी हो जाता है। उसे हर जगह सफलता ही सफलता प्राप्त होती है। सफल व्यक्तित्व बनाने के लिए आप अपने व्यवहार को अत्यंत नम्र, शालीन और आत्मविश्वास से भरा ही रखें, किसी भी व्यक्ति से चाहे छोटा हो बड़ा हो, अमीर हो गरीब हो, मिलते समय उसका यथा योग्य अभिवादन शिष्टाचार पूर्वक अवश्य करें। इससे आपकी पहुंच एवं प्रभाव का दायरा विस्तृत होने लगेगा, सफलता ही सफलता से आप आगे बढ़ने लगेंगे। किसी भी व्यक्ति से अशिष्टतापूर्वक व्यवहार न करें। आपको यदि यह महसूस होता है कि सामने वाला कुछ गलती पर है या गलत कार्य कर रहा है तो उस पर नाराज ही जाए ना कर उसे बड़े ठंडे दिमाग से समझाई दीजिए। इससे आपका प्रभाव गलत ना होकर शानदार होने लगेगा।।

प्रभावशाली व्यक्तित्व के निर्माण में समय की प्रतिबद्धता एवं समय पर कार्य करने की अदम्य लालसा का बड़ा महत्व है। यदि आप सही समय पर सही कार्य करेंगे एवं अपने संपूर्ण कार्य समय पर प्रतिपादित करने की आदत डालेंगे, तो कार्यों की सफलता की एक तरह से संपूर्णता दिखाई देने लगती है। यदि कहीं मीटिंग या किसी व्यक्ति को अपने समय दिया है तो आप वहां समय पर ही पहुंच कर मीटिंग का संपादन करें, आज के युग में किसी को किसी का इंतजार करना पसंद नहीं आता है। ऐसे में काम की सफलता की गुंजाइश कम हो जाती है। और किसी को किसी भी कार्य के लिए इंतजार करवाना अच्छे व्यक्तित्व के निर्माण के प्रतिकूल प्रभाव डालता है। यदि आप नौकरी में हैं, व्यवसाय में हैं या जन प्रतिनिधि हैं, तो लोगों की बातें सुनने का आप में पर्याप्त संयम भी होना चाहिए।

आप किसी व्यक्ति की बातें धैर्य पूर्वक सुनते हैं तो उसे आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली लगता है एवं कार्य की सफलता में संदेह नहीं रह जाता। अनावश्यक किसी भी व्यक्ति से बिना उसकी बात सुने समझे बहस करने की थोड़ी भी गुंजाइश ना रखें, अन्यथा कार्य विपरीत स्वरूप भी ले सकता है। सामने वाला व्यक्ति यदि सचमुच गलत है तो ही अपनी बात आप रखें या बोले, इसमें महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि आप अपनी शक्ति एवं दुर्बलताओं को अच्छे से पहचाने और जाने। आपको जब अपनी शक्ति और क्षमता का पता होगा तो आप उस कार्य को अच्छे से कर पाएंगे एवं इससे आपके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी, और अपनी कमजोरियों को सफलता के पीछे सुधार करने में सफल भी होंगे। आप प्रयास करें कि हमेशा मुस्कुराहट आपके चेहरे पर हो एवं आपका चेहरा चिड़चिड़ा या परेशान ना दिखाई दे, क्योंकि यह नकारात्मक ऊर्जा का एक बड़ा प्रतीक है। यह सफलता में कठिनाई पैदा करने वाला कारक माना जाता है। मुस्कुराते हुए चेहरे से लोग प्रसन्न होकर उसकी बात सुनना चाहेंगे और यही एक ऐसा तत्व है जो आपके आत्मविश्वास को कई गुना बढ़ा देगा और आपकी सफलता में कोई गुंजाइश नहीं रह जाएगी। मुस्कुराते हुए चेहरे के आचरण को लोग ज्यादा पसंद करते हैं अपना मित्र भी बनाना चाहेंगे।


आप जो भी कार्य करते हैं पढ़ते हैं नौकरी करते हैं। व्यवसाय या समाज सेवा करते हैं, उसके संबंध में आपके पास गहरी और संपूर्ण जानकारी होना चाहिए। अधूरा ज्ञान बहुत ही खतरनाक और असमंजस निर्माण करने वाला होता है और कार्य की सफलता में संदेह भी पैदा करता है। क्योंकि अधूरी जानकारी आपके काम करने की प्रणाली पर सवालिया निशान लगा देती है। इसमें आप फिर जवाब देने की स्थिति में भी नहीं रह पाएंगे। अधूरा ज्ञान नकारात्मक होकर आपके आत्मविश्वास को भी डगमगा देता है। आप फिर उस कार्य को करने में डरने लगेंगे। इसलिए किसी कार्य को करने के पूर्व उसके प्रति अच्छी जानकारी सम्यक रूप से होमवर्क की तरह कर ले। और सदैव कार्यों की प्राथमिकता तैयार रखें आसान एवं सरल कार्य पहले संपादित करें, जिससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि हो सके फिर काम के लिए आप अपनी तैयारियां पूर्ण कर सकेंगे। आपका आसान काम करने के बाद का आत्मविश्वास आपको कठिन कार्य करने के लिए उत्प्रेरित करेगा और कठिन कार्य करने में आप आसानी एवं सरलता महसूस करने लगेंगे। किसी भी कार्य को करने से पहले बिल्कुल भी किंचित मात्र भयभीत ना हो क्योंकि डर के कारण कई काम स्वतः बिगड़ जाते हैं। अतः काम करने से पूर्व निडर होकर कार्य करें क्योंकि गलतियां तो इंसान से ही होती हैं, और जो ज्यादा काम करता है उससे ज्यादा गलती की संभावना होती है। ऐसे में किसी भी तरह के डर या चिंता से मुक्त रहकर अपने कार्य को निष्पादित करें, सफलता आपकी पर्सनालिटी को देखते हुए आपके सामने होगी।

शानदार व्यक्तित्व के विकास में समय का उपयोग और अनुप्रयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि आप समय का सदुपयोग अच्छे से करते हैं तो आधी सफलता आपके सामने होती है। संपूर्ण आत्मविश्वास के साथ इस कार्य को किस समय करना है। यह आपके समझ में जल्दी आ जाता है तो आपका सफलता का ग्राफ बहुत जल्दी ऊपर की ओर जाने लगेगा, क्योंकि समय की कीमत जो व्यक्ति जानता है समय उसकी इज्जत करता है। और उसे सफलता की सीढ़ियां चढ़ने से कोई रोक नहीं सकता, समय का अनुशासन सबसे बड़ा सबक है, काम को सही समय में करना एक तरह की बड़ी ईमानदारी मानी जाती है। यदि आप समय के प्रति प्रतिबद्ध हैं एवं ईमानदारी से कार्य करने की हिमायती हैं तो आपको सफल व्यक्तित्व की श्रेणी में लाने से कोई रोक नहीं सकता, इसी तरह अप एक अच्छे राष्ट्र के निर्माण में योगदान भी कर सकते हैं, अच्छे व्यकितत्व के निर्माण से ही शक्तिशाली, विकसित राष्ट्र का निर्माण किया जासकता है, अपने व्यक्तिव्य के निर्माण के साथ शिक्षित संस्कारी देश को सर्वोपरि मान कर राष्ट्रीय हित में सर्वस्व त्यागना होगा, तब जाकर एक महान राष्ट्र की नींव रखी जा सकती है।

## नजरिया

# भारत में विवाह समारोहों की अर्थव्यवस्था

प्रहलाद सबनानी
मोबाइल – 9987949940



भारतीय सनातन संस्कृति के अनुसार पवित्र शादियों के धार्मिक संस्कारों के माध्यम से दो आत्माओं का मिलन कराया जाता है। कहा तो यहां तक भी जाता है कि दूल्हा और दुल्हन शादी के धार्मिक संस्कारों के माध्यम से सात जन्मों तक के लिए एक दूसरे के हो जाते हैं। इसलिए, शादी के समय विभिन्न अध्यात्मिक, धार्मिक एवं सांसारिक संस्कारों को सम्पन्न कराने के लिए समाज के गणमान्य नागरिकों, नाते रिश्तेदारों, परिवार के सदस्यों को साथ लेकर विभिन्न प्रकार के भव्य आयोजन सम्पन्न किए जाते हैं। इन आयोजनों में विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न होते हैं एवं आजकल तो ऐसे शुभ अवसरों पर भारी मात्रा में व्यय भी किया जा रहा है। शादी के विभिन्न आयोजनों पर किए जाने वाले भारी भरकम खर्च से देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलता हुआ दिखाई दे रहा है।

भारत में नवम्बर 2023 माह से लेकर आगामी लगभग 4 माह के दौरान 38 लाख से अधिक शादियों के आयोजन सम्पन्न होने जा रहे हैं। केवल 4 माह की इस अवधि में लगभग 4.75 लाख करोड़ की राशि का व्यय होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 35 लाख शादियों पर 3.75 लाख करोड़ रुपए की राशि का व्यय हुआ था। कन्फेडरेशन ओफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के अनुसार, भारत में इस वर्ष शादियों के मौसम में सबसे अधिक खर्च करने का विश्व रिकार्ड बनाया जा सकता है। पिछले वर्ष इसी अवधि की तुलना में इस वर्ष एक लाख करोड़ रुपए अधिक राशि शादियों पर खर्च होने जा रही है। शादी के विभिन्न कार्यक्रमों में विभिन्न मदों पर होने वाले खर्च के सम्बंध में भी अनुमान लगाए गए हैं। इन अनुमानों के अनुसार, इस वर्ष नए कपड़े और नई ज्वेलरी को खरीदने की मद पर एक लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च होने वाली है, मेहमानों की खातिरदारी पर 60,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च होने जा रही है, शादी समारोह से जुड़े कार्यक्रमों पर 60,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च होने जा रही है। विश्व का कोई भी देश शादियों के मौसम में इतनी भारी भरकम राशि का खर्च नहीं करता दिखाई दे रहा है क्योंकि अन्य देशों में शादी के समारोहों पर इतना खर्च किया ही नहीं जाता है। यह तो भारतीय सनातन संस्कृति ही है जिसके अंतर्गत शादी के समय विभिन प्रकार के संस्कार सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कई प्रकार के आयोजन सम्पन्न किए जाते हैं। आज विकसित देशों में तो विवाह नामक संस्था उपलब्ध ही नहीं है और लव मैरिज नामक रिवाज का पालन किया जा रहा है। साथ ही अब तो बगैर विवाह के लिव इन रिलेशन नामक रिवाज ही चल पड़ा है। विकसित देशों के युवा इस प्रकार के रिवाजों के चलते बच्चे भी पैदा नहीं कर रहे हैं और कुछ समय पश्चात ही आपस में रिश्तों को तलाक का रूप दे देते हैं। यदि इस बीच किसी जोड़े को बच्चा हो भी जाता है तो उसे सिंगल पेरेंट के रिवाज के तहत केवल मां के पास ही रहना होता है। इस प्रकार वह बच्चा अपने पिता के प्यार से वंचित रहता है और उस बच्चे का मानसिक विकास नहीं हो पाता है। इन्हीं कारणों के चलते आज विश्व के कई देशों में बुजुर्गों की संख्या तो बढ़ती जा रही है परंतु युवाओं की संख्या कम होती जा रही है, जिसका सीधा सीधा प्रभाव इन देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। अतः कुल मिलाकर यह सनातन संस्कृति के संस्कार ही हैं जो भारत में आज भी कुटुंब व्यवस्था को जीवित रखे हुए हैं। संयुक्त परिवार सामान्यतः केवल भारत में ही दिखाई देते हैं, जहां बुजुर्गों की देखभाल इन संयुक्त परिवारों में बहुत ही सहज तरीके से होती है। अन्यथा, विकसित देशों में चूंकि संयुक्त परिवार का चलन नहीं के बराबर है अतः बुजुर्गों की देखभाल इन देशों की सरकार को सोशल बेनीफिट्स योजना के अंतर्गत करनी होती है। आज कुछ देशों में तो सोशल बेनीफिट्स की मद पर इतना अधिक खर्च होने लगा है कि इन देशों की बजट व्यवस्था ही भारी दबाव में आ गई है। इसके ठीक विपरीत, भारत में विभिन्न त्यौहार भी बड़े ही उत्साह से मनाए जाते है जिसके कारण भारत में सामाजिक तानाबाना ठीक बना हुआ है। इसी सामाजिक तानेबाने के ठीक अवस्था में रहने के चलते ही इस वर्ष, दीपावली एवं धनतेरस के त्यौहारी मौसम में भारत में 3.75 लाख करोड़ रुपए का व्यापार हुआ है। साथ ही, केवल करवा चौथ के दिन 15,000 करोड़ रुपए का व्यापार सम्पन्न हुआ था। भारत में त्यौहारी मौसम में अक्टूबर 2023 माह में 23 लाख वाहनों की बिक्री हुई है। 4 लाख चारपहिया वाहन एवं 19 लाख दोपहिया वाहनों की बिक्री हुई है। आने वाले शादियों के मौसम में भी इस वर्ष वाहनों की जबरदस्त बिक्री होने की सम्भावना है। उक्त वर्णित कारणों के चलते ही भारत में तेजी से गरीबी एवं बेरोजगारी भी कम हो रही है। एक अनुमान के अनुसार, वर्ष 2022–23 में दक्षिण अफ्रीका में बेरोजगारी की दर 32.8 प्रतिशत रही है और ईरान में 9.4 प्रतिशत, ब्राजील में 8.3 प्रतिशत, पाकिस्तान में 8.5 प्रतिशत, फ्रान्स में 7.4 प्रतिशत, इटली में 7.9 प्रतिशत, चीन में 5.3 प्रतिशत, ब्रिटेन में 4.2 प्रतिशत और अमेरिका में 4 प्रतिशत बेरोजगारी की दर पाई गई है। उक्त आंकड़ों के विपरीत भारत में इस अवधि के दौरान बेरोजगारी की दर में बहुत कमी दृष्टिगोचर हुई है। आज भारत में उच्च निवल सम्पत्ति वाले नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। अतः समस्त मेहमानों सहित अब विदेश में जाकर शादी की रस्में सम्पन्न करने का प्रचलन भारत में बहुत बढ़ गया है। अभी हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को देश के नागरिकों से यह अपील करनी पड़ी है कि विदेश में जाकर शादी की रस्में पूर्ण नहीं करे क्योंकि इससे शादी की रस्मों पर होने वाले व्यय का लाभ उस देश को मिल रहा है जबकि भारत में ही पर्याप्त मात्रा में पर्यटन स्थल उपलब्ध हैं, जहां आसानी से शादियां विधि विधान से सम्पन्न कर विवाह समारोह भी आयोजित किए जा सकते हैं। इससे शादी पर होने वाले खर्च का लाभ भारतीय अर्थव्यवस्था को मिलेगा और देश का पैसा भी देश में ही बना रहेगा।

आज भारतीय नागरिकों द्वारा सनातन संस्कृति के संस्कारों के पालन का लाभ भी भारतीय अर्थव्यवस्था को निश्चित रूप से स्पष्टत: मिलता दिखाई दे रहा है और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की दर को लगातार बढ़ाते जा रहे हैं। अभी हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मोनेटरी फंड ने केलेंडर वर्ष 2024 के लिए भारत में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है, जबकि अमेरिकी में यह वृद्धि दर 1.5 प्रतिशत, जर्मनी में 0.9 प्रतिशत, फ्रान्स में 1.3 प्रतिशत, जापान में रिणात्मक 1 प्रतिशत, चीन में 4.2 प्रतिशत और रूस में 1.1 प्रतिशत विकास दर रहने का अनुमान लगाया गया है।

**महत्त्वपूर्ण**

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
**Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

### बैठक



नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल और अन्य गुरुवार को भाजपा संसदीय दल की बैठक के बाद संसद पुस्तकालय भवन से बाहर आते हुए।

## 'द आर्चीज' की रिलीज से पहले अमिताभ बच्चन ने अपने नाती अगस्त्य को दिया आशीर्वाद

मुंबई/भाषा। अभिनेता अमिताभ बच्चन ने द आर्चीज के साथ अभिनय पारी की शुरूआत कर रहे अपने नाती अगस्त्य नंदा को फिल्म की रिलीज के अवसर पर अपना आशीर्वाद दिया है। यह फिल्म बृहस्पतिवार से 'ओवर द टॉप' (ओटीटी) मंच नेटफ्लिक्स पर प्रदर्शित की जा रही।

अमिताभ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अगस्त्य और अपने बेटे अभिषेक बच्चन के साथ पुरानी एवं अभी के समय की तस्वीर साझा की और लिखा, अगस्त्य आपको मेरा प्यार और मेरा आशीर्वाद...।

अमिताभ की बेटी श्वेता बच्चन नंदा और निखिल नंदा के बेटे अगस्त्य, बच्चन परिवार के तीसरी पीढ़ी के अभिनेता होंगे।

### समागम




पटना में गुरुवार को अंबेडकर समागम के दौरान ढोल बजाते भाजपा समर्थक।

# पद की गरिमा तब रहती है जब आदमी ज्यादा से ज्यादा झुके : जगदीप धनखड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हाथ जोड़कर उनका अभिवादन करने वाले एक वायरल वीडियो क्लिप पर बृहस्पतिवार को 'दुख और पीड़ा' व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह का आचरण उनका स्वभाव है और वह नहीं देखते कि सामने कौन है।

कुछ कांग्रेस नेताओं सहित सोशल मीडिया हैंडल पर क्लिप साझा किए जाने के एक दिन बाद, धनखड़ ने राज्यसभा में जोर देकर कहा कि एक संवैधानिक पद की गरिमा केवल विनम्रता से ही बढ़ती है। उन्होंने उच्च सदन की कार्यवाही आरंभ होने के कुछ देर बाद कहा, ''मुझे आज कल यह भी देखना पड़ रहा है कि कितना



झुकूं, किसके सामने झुकूं। फोटोग्राफर कहां से क्या ले रहा है। कौन इंस्टाग्राम पर डाल देगा। कौन ट्विटर पर डाल देगा। कौन मेरी रीढ़ की हड्डी को तय करने लगेगा।'' उन्होंने कहा, ''तो मैं बताना चाहता हूं कि झुकना और नमस्कार करना मेरी आदत है। ये नहीं देखता सामने कौन है। कई बार बड़ी पीड़ा होती है, गिरावट की कोई सीमा होती है। बड़ा बुरा लगता है।''

इसके बाद किसी सदस्य ने उनसे कुछ कहा तो इसके जवाब में धनखड़ बोले कि वह इसे सदस्यों की बुद्धिमत्ता पर छोड़ते हैं। उन्होंने कहा, ''यदि कोई ऐसी संस्था जिसका बहुत बड़ा स्थान है देश में, देश की राजनीति में... और वह आधिकारिक तौर पर ऐसा करते हैं तो मैं सिर्फ अपनी पीड़ा और नाराजगी ही व्यक्त कर सकता हूं।'' उन्होंने उक्त वीडियो को सोशल मीडिया पर साझा किए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि वह बेहद ही विनम्र इंसान हैं और घमंड उनकी जिंदगी का कभी भी हिस्सा हो ही नहीं सकता। उन्होंने कहा, '' संस्कारों का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। सांस्कृतिक विरासत है झुकना। नमस्कार करना। पद की गरिमा तब रहती है जब आदमी ज्यादा से ज्यादा झुके। यह पीड़ा मुझे उन लोगों ने दी है जिनकी मैं बहुत इज्ज़त करता हूं।''

## एनएसए डोभाल ने मॉरीशस में सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित किया

नई दिल्ली/भाषा। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने बृहस्पतिवार को क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने में क्षेत्रीय समूह कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन (सीएससी) के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने मॉरीशस में सीएससी की छठी एनएसए-स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की।

भारत, मालदीव, मॉरीशस और श्रीलंका, सीएससी के सदस्य देश हैं। बांग्लादेश और सेशेल्स सीएससी में पर्यवेक्षक हैं। मॉरीशस में भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर कहा, ''भारत, मॉरीशस और श्रीलंका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के साथ-साथ सेशेल्स और बांग्लादेश के प्रतिनिधियों ने आज मॉरीशस में सीएससी की छठी एनएसए-स्तरीय बैठक में भाग लिया।''

इसने कहा, ''अपने संबोधन में, एनएसए अजीत डोभाल ने क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने में सीएससी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और सहयोग के विभिन्न स्तरों के तहत निरंतर जुड़ाव के महत्व पर प्रकाश डाला। सदस्यों ने 2024 के लिए गतिविधियों के रोडमैप पर भी सहमति व्यक्त की।'' समझा जाता है कि बैठक में क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्यों और सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के तौर-तरीकों की समीक्षा की गई।



गुरुवार को शीतकालीन सत्र के दौरान राज्यसभा में बोलती हुई भाजपा सांसद हेमामालिनी।

## वैश्विक मंच पर गरबा की चमक गौरवशाली क्षण : अमित शाह

नई दिल्ली/भाषा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के लोकप्रिय गरबा नृत्य को यूनेस्को द्वारा 'मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची' में शामिल किए जाने की प्रशंसा करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि यह देश की संस्कृति की सुंदरता और लचीलेपन के लिए सम्मान है।

यूनेस्को ने गुजरात के पारंपरिक गरबा नृत्य को 'मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची' में शामिल करने के लिए स्वीकृति दी है।

शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''गरबा सदियों पुरानी एक नृत्य कला है जो अपने लयबद्ध सामंजस्य से समुदाय को एक साथ लाता है। अमूर्त विरासत सूची में इसे शामिल करना हमारी संस्कृति की सुंदरता और लचीलेपन के लिए एक सम्मान है।'' उन्होंने कहा, ''हमारे अपने गरबा के वैश्विक मंच पर चमकने तथा अपनी छटा बिखेरने का यह गौरवशाली क्षण, हमें हमारी संस्कृति का और अधिक निष्ठापूर्वक प्रचार प्रसार करने तथा संरक्षित करने की हमारी जिम्मेदारी की भी याद दिलाता है।''

भारत ने नवरात्रि उत्सव के दौरान पूरे गुजरात और देश के कई अन्य हिस्सों में आयोजित होने वाले गरबा को यूनेस्को की सूची में शामिल करने के लिए नामांकित किया था।

## 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' का प्रीमियर सनडांस फिल्म फेस्टिवल 2024' में होगा

मुंबई/भाषा

ऋचा चड्ढा और अली फजल की फिल्म निर्माण कंपनी के बैनर तले बनने वाली पहली फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' का प्रीमियर 'सनडांस फिल्म फेस्टिवल 2024' में होगा। फिल्म निर्माताओं ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक



प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि शुचि तलाती द्वारा निर्देशित यह फिल्म वर्ल्ड ड्रामेटिक फीचर श्रेणी के तहत प्रदर्शित की जाएगी। इसमें कहा गया है कि यह फिल्म महोत्सव के प्रतियोगिता खंड में भाग लेने के लिए चुनी गईं विशेष 16 फिल्मों में से एक है। फिल्म निर्माताओं ने बताया कि यह फिल्म उत्तर भारत के एक छोटे से पहाड़ी शहर में स्थित एक बोर्डिंग स्कूल की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इस फिल्म में मलयालम फिल्मों की अभिनेत्री कानी कुसरुति, जितिन गुलाटी, प्रीति पाणिग्रही और केशव बिनॉय मुख्य किरदार में नजर आएंगे।

चड्ढा ने कहा कि उन्होंने और फजल ने अनोखी कहानियां कहने की सोच के साथ इस फिल्म का निर्माण शुरू किया था। इस जोड़े ने 2021 में अपनी फिल्म निर्माण कंपनी 'पुशिंग बटन्स स्टूडियो' की शुरुआत की थी। 'विक्टोरिया एंड अब्दुल' और 'कंधार' जैसी अंतरराष्ट्रीय फिल्मों में अभिनय कर चुके फजल ने कहा कि अपनी पहली प्रोडक्शन फिल्म के साथ 'सनडांस फिल्म फेस्टिवल' का हिस्सा बनना एक सपने के साकार होने जैसा है।

# फिल्म 'रिटर्न टिकट' का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई/वार्ता

भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता यश कुमार की आने वाली फिल्म रिटर्न टिकट का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म रिटर्न टिकट के फर्स्ट लुक में यश कुमार विदेशी धरती पर स्मृति सिन्हा के साथ नज़र आ रहे हैं।इस फिल्म के निर्माता अलोक श्रीवास्तव और निर्देशक अजय श्रीवास्तव हैं।अजय श्रीवास्तव ने बताया कि फिल्म बेहद ख़ास होने वाली है। इसलिए जरूर देखें। ए ए के इंटरटेनमेंट प्रस्तुत फिल्म रिटर्न टिकट को लेकर यश कुमार ने बताया कि यह फिल्म दर्शकों के दिलों को छूने वाली है। मुझे लगता है मेरी अब तक आई बेस्ट फिल्मों में यह फिल्म भी होगी। इसकी कहानी रिविल नहीं कर सकते, लेकिन फिल्म का ट्रेलर आपको



बता देगा कि फिल्म रिटर्न टिकट क्यों ख़ास होने वाला है और लोगों को इसे क्यों देखना चाहिए। उन्होंने बताया कि फिल्म बड़े बजट की है, जो कहानी के अनुसार इन्वेस्ट की गयी है। मनोरंजन के हिसाब से फिल्म दर्शकों को जितना पसंद आएगी, उतना ही यह फिल्म अपने मकसद से भी दर्शकों को तारुफ़ कराएगी। मुझे इस फिल्म को करने में बेहद मजा आया। फिल्म के गाने, संवाद और सभी कलाकारों के अभिनय दर्शकों का दिल जीत लेगा। फिल्म रिटर्न टिकट की कहानी, पटकथा और संवाद सुरेन्द्र मिश्रा का है। संगीतकार छोटे बाबा हैं। डीओपी प्रमोद पांडेय हैं।





## 'फाइटर' से अनिल कपूर का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर की आने वाली फिल्म 'फाइटर' से उनका फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन के साथ दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर की अहम भूमिका है। फिल्म फाइटर से अनिल कपूर का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है।इस फिल्म में अनिल कपूर, ग्रुप कैप्टन राकेश जय सिंह उर्फ रॉकी के रोल में होंगे। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बन रही फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन स्क्वॉडरन पायलट 'शमशेर पठानिया' उर्फ 'पैटी' के रूप में नजर आयेंगे।फिल्म 'फाइटर' गणतंत्र दिवस के मौके पर 25 जनवरी, 2024 को रिलीज होगी।



## फिल्म 'प्यार के बंधन' का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई/वार्ता

यशी फिल्म्स प्रा. लि. प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म प्यार के बंधन का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म प्यार के बंधन के निर्माता अभय सिन्हा और निर्देशक अनंजय रघुराज हैं। फिल्म में खेसारीलाल यादव और यामिनी सिंह की मुख्य भूमिका है।

अनंजय रघुराज ने कहा कि यशी फिल्म्स एक बार फिर से एक शानदार फिल्म लेकर तैयार है। हमने फिल्म को बड़ी संजीदगी से बनाया है। हमारी फिल्म का मुख्य आकर्षण इसकी कहानी है, जो दर्शकों को मनोरंजन के उच्चतम स्तर तक ले जाएगी। फिल्म पारिवारिक है, इसलिए मैं यही कहूंगा कि सभी इस फिल्म को अपने परिवारजनों और दोस्तों के साथ देखें।

वहीं, खेसारीलाल यादव ने कहा कि प्यार के बंधन फिल्म नहीं, रिश्तों को महसूस करने वाली दास्तां हैं। मुझे जब इस फिल्म की कहानी सुनाई गयी थी, तब मुझे लगा था कि इस फिल्म के किरदार को मुझे जीना चाहिए। एक कलाकार के रूप में मेरे दिल और मन ने इस फिल्म की हामी भर दी थी। फिल्म बनकर तैयार है और इसका फर्स्ट लुक सबों के सामने है।भोजपुरी सिनेमा का महत्वपूर्ण दौर है, जिसमें हम सब मिलाकर एक से बढ़कर एक सिनेमा लेकर आ रहे हैं। इसमें दर्शकों का सहयोग भी सराहनीय रहा है।

मैं आशा करता हूँ कि यह फिल्म भी उन्हें पसंद आएगी। फिल्म प्यार के बंधन के संगीतकार ओम झा, कृष्णा बेदर्दी और शुभम तिवारी हैं। गीतकार अरबिंद तिवारी, कृष्णा बेदर्दी, अंकित तिवारी, दुभ दयाल सोहरा, राकेश निराला और विनय निर्मल हैं। छायांकन वासु का है। कोरियोग्राफी रिकी गुप्ता और महेंद्र सिंह ने की है।



# फिल्म 'कभी अलविदा ना कहना' का 9 को होगा वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर

मुंबई/वार्ता

भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता यश कुमार की फिल्म 'कभी अलविदा ना कहना' का वर्ल्ड प्रीमियर 09 दिसम्बर को भोजपुरी सिनेमा पर होगा। भोजपुरी सिनेमा पर कभी अलविदा ना कहना' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 09 दिसंबर शनिवार शाम 5 बजे से किया जायेगा।

इस फिल्म का पुनः प्रसारण 10 दिसम्बर 2023 को सुबह 10 बजे से किया जाएगा। यश कुमार की यह फिल्म रिश्तों के महत्त्व पर आधारित है।यश कुमार ने कहा कि फिल्म की कहानी पति के प्यार और समर्पण की इमोशनल कहानी है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म की कहानी एक ऐसे पति की है, जो अपनी पत्नी से बेइंतहा प्यार भी करता है और उसकी खुशी के लिए त्याग भी करता है।

इसी स्टोरी लाइन पर इस फिल्म की कहानी बुनी गई है। 'कभी अलविदा ना कहना' एक सम्पूर्ण पारिवारिक और मनोरंजक फिल्म है। यह फिल्म भोजपुरी को रिप्रजेंट करे, इसका प्रयास किया है। मेकिंग भी बड़े लेवल पर हुई है। फिल्म के गाने और संवाद के साथ एक्शन भी नायाब हैं, इसलिए मैं भोजपुरी के दर्शकों से आग्रह करूंगा कि आप अभी हमारी फिल्म के ट्रेलर को देखें।

'कभी अलविदा ना कहना' में यश कुमार ,रक्षा गुप्ता, डिम्पल सिंह ,अमित शुक्ला, अनीता रावत, विनोद मिश्रा, सबा खान, राधे कुमार, वैष्णवी शाही, पूनम वर्मा, संजीव मिश्रा और नीलू यादव मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के संगीतकार साजन मिश्रा और गीतकार शेखर मधुर हैं।कहानी खुद यश कुमार ने लिखी है।

# लोग अपनी पसंद और नापसंद के बारे में विचार रख सकते हैं : तृप्ति डिमरी

नई दिल्ली/एजेन्सी

ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' में छोटे से रोल से धमाल मचाने वाली एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी का कहना है कि सिनेमा स्वतंत्र कलात्मक अभिव्यक्ति के बारे में है। उन्होंने फिल्म के लिए निर्देशक के विजन को प्रस्तुत किया, हालांकि इसे स्त्री विरोधी का टैग दिया गया है। फिल्म 'एनिमल' हिंसा, रोमांस और इंटिमेट सीन्स से भरपूर है। एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी ने आईएएनएस को बताया, ''मेरा मानना है कि सिनेमा स्वतंत्र कलात्मक अभिव्यक्ति के बारे में है और ऐसा ही होना चाहिए। एक्ट्रेस ने कहा, ''जब मैंने फिल्म 'बुलबुल' में बलात्कार और फिल्म 'कला' में आत्महत्या का सीन किया, तो बहुत सारे लोग थे, जो मेरे पास पहुंचे।

उन्होंने कहा कि मुझे वह सीन नहीं करना चाहिए क्योंकि यह एक सुखद सीन नहीं है, या आपको आत्महत्या का सीन नहीं करना चाहिए था, क्योंकि इससे लोग जीवन में ऐसा कदम उठा सकते हैं।'' एक्ट्रेस ने कहा कि यदि वो सीन नहीं जोड़े जाते तो इसका कोई मतलब नहीं होता। मुझे भी ऐसा ही लगता है, यहां जिन सीन्स के बारे में लोग बात कर रहे हैं, वे कहानी का एक अभिन्न हिस्सा थे, और हमें उन्हें जोड़ना पड़ा।

उन्होंने आगे कहा, ''उनके लिए एक एक्ट्रेस के रूप में यह वास्तव में महत्वपूर्ण है कि वह जिस किरदार को निभा रही हैं, उसे जज न करें।'' उनके मुताबिक, मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जो मैंने अपने एक्टिंग कोच से अपनी एक्टिंग क्लासेज में सीखा है। हर बार जब आपको कोई किरदार निभाने के लिए दिया जाता है तो इसे पूरी ईमानदारी से निभाएं।

एक्ट्रेस ने कहा, ''भले ही आपका कैरेक्टर लोगों को मार रहा हो या कुछ बुरा कर रहा हो या किसी को नुकसान पहुंचा रहा हो, आपको वह सब कुछ महसूस करना होगा, जो कैरेक्टर को महसूस करना चाहिए क्योंकि उसके माइंड में जो कहीं से आ रहा है वह उचित है। एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी ने कहा कि वह अपने किरदारों 'कला', 'बुलबुल' या 'जोया' जैसी नहीं हैं और एक व्यक्ति के तौर पर उन्होंने जो किया है, उससे वह सहमत नहीं हैं। एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी ने कहा, ''मैंने अपने जीवन में ऐसा नहीं किया होगा। लेकिन उस स्थिति में उस पल में, मुझे निर्देशक के विजन के सामने समर्पण करना होगा और मुझे वही करना होगा, जो कैरेक्टर और स्क्रिप्ट मुझसे मांग करती है और इसे पूरी ईमानदारी से करना है, क्योंकि लोगों को अपनी राय पेश करने का अधिकार है। हम फिल्में बनाते हैं। हर फिल्म पर चर्चा होनी चाहिए। तृप्ति डिमरी इस बात से सहमत हैं कि लोग अपनी पसंद और नापसंद के बारे में विचार रख सकते हैं। तृप्ति को यह बहुत अच्छा लगता है कि लोग फिल्म के बारे में बात कर रहे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस फोर्ब्स एशिया की 2021 की 30 अंडर 30 सूची में शामिल थी।



RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जीवनयापन और जीवन-लक्ष्य दो भिन्न बातें हैं। प्रायः सामान्य लोगों का जीवन-लक्ष्य जीवनयापन ही रहता है। खाना-कमाना, ब्याह- शादी, लेन-देन, व्यवहार-व्यापार आदि साधारण क्रमों को पूरा करते हुए मृत्यु तक पहुंच जाना, बस इसके अतिरिक्त उनका और कोई लक्ष्य नहीं होता। एक जीविका का साधन जुटा लेना, एक परिवार बसा लेना और बच्चों का पालन-पोषण करते हुए शादी-ब्याह आदि कर देना मात्र ही साधारणतया लोगों ने जीवन-लक्ष्य मान लिया है। मीठे फल खाने की इच्छा से दो मित्र एक बगीचे में गए।



## सरलता के बिना मोक्ष की प्राप्ति संभव नहीं : साध्वी सुंधाकवर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मायावरम। शहर के एसएस जैन स्थानक में साध्वीश्री सुंधाकवरजी म.सा. ने कहा कि सरलता के बिना मोक्ष की प्राप्ति संभव नहीं है। सरलता और भक्ति बहार और अन्दर से एक समान होनी चाहिए। बगुले के समान नहीं जो बहार से तो सफेद दिखता है पर मन में द्वेष और राग का भाव नहीं होना चाहिए। वहीं साध्वी सुयंशाश्री जी ने श्रावक के इक्कीस गुण में से एक गुण दूर दृष्टि का बताया है जिसको आत्मसात करते हुए जीवन में उतारना चाहिए। ज्ञात हो कि साध्वी मंडल आदि ठाणा 5 सिरकाली का ऐतिहासिक चातुर्मास सम्पूर्ण कर मायावरम पहुंचे हैं।

आस पास के क्षेत्रों से भक्तों का आवागमन निरंतर जारी है। प्रतिदिन दोपहर में बारह बजे महाचमत्कारी महामांगलिक ध्यान करके दिया जाता है। इस महामांगलिक की महिमा अदभुत है दूर-दूर से श्रद्धालुगण श्रवण करने के लिए आते हैं। संघ के अध्यक्ष किशोर तातेड ने सभी आसपास के क्षेत्रों ओर संघ के सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ लेने का आह्वान किया है। संचालन मनोज जैन ने किया।

## विहार सेवा के लिए नई समिति का गठन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



कोयम्बटूर। यहां के आरजी स्ट्रीट स्थित राजस्थान जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ द्वारा संचालित बड़ा सुपार्श्वनाथ मंदिर में अर्हम् विहार सेवा मंडल की साधारण सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हीरा विहार सेवा ग्रुप की नई टीम मनोनीत हुई। जिसमें अध्यक्ष रमेश कुमार कोठारी, सचिव राजीव देसाई और सदस्य के रूप में मदन मोहन ओस्तवाल, नैलेष शाह, भावेश जैन, सुरेश जैन, सौरीन शाह, सुरेश बाफना, गौतम जैन, अशोक राठौड़, ओमप्रकाश कांकरिया हैं। साध्वीश्री वीरेश पद्माश्रीजी म, सा. एवं साध्वीश्री मयूरयशाजी म.सा. से आशीर्वाद प्राप्त किया।

### श्रद्धांजलि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयम्बटूर में गुरुवार को रामदेव मंदिर में करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी को श्रद्धांजलि दी गई। सभी समाज के बंधुओं ने उपस्थित होकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर लाख सिंह, रतनसिंह, हितेश सुथार, रणवीरसिंह, प्रकाशसिंह, महेन्द्र सिंह सहित समाज के अनेक गणमान्य उपस्थित थे। गौरतलब है कि सुखदेव सिंह की जयपुर में उनके निवास पर कुछ अज्ञात हमलावरों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी।

## सियासी दल सिर्फ प्रेम का प्रचार करें, नफरत का नहीं : मदनी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लखनऊ/भाषा। प्रतिष्ठित मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एएम समूह) के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने सांप्रदायिकता को देश की बर्बादी की पहली सीढ़ी करार देते हुए राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे सिर्फ प्रेम और भाईचारे का प्रचार करें, नफरत का नहीं। मौलाना मदनी ने आरोप लगाया, जो लोग प्यार-मोहब्बत की जगह नफरत के बीज हो रहे हैं वे सिर्फ सत्ता पर कब्जा करने के लिए अपनी गोटियां खेल रहे हैं।' बुजुर्ग मुस्लिम नेता ने कथित 'लव जिहाद' का जिक्र करते हुए मुस्लिम लड़कियों के लिये ज्यादा से ज्यादा संख्या में अलग स्कूल खोलने की फिर से पुरजोर वकालत की। उन्होंने बृहस्पतिवार को जमीयत की पूर्वी उत्तर प्रदेश की 37 जिला इकाइयों के सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा, 'यह मुल्क की बदकिस्मती है कि मजहब के नाम पर एक दूसरे से दूरी और नफरत का नजरिया आजादी के बाद पैदा हुआ और यह बढ़ता ही चला जा रहा है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद सांप्रदायिकता को मुल्क की बर्बादी की पहली सीढ़ी मानती है।

मौलाना मदनी ने कहा, 'हम सियासी दलों को भी पैगाम (संदेश) देना चाहते हैं... चाहे वे सत्ता में हो या नहीं कि वे प्यार-मोहब्बत का ही प्रचार करें, नफरत और दूरी का नहीं। मुल्क की भलाई इसी में है।' उन्होंने ने मुसलमानों को मुल्क की मौजूदा सूरतेहाल में संयम से काम लेने की हिदायत दी। कथित 'लव जिहाद' का जिक्र करते हुए मौलाना मदनी ने कहा कि उन्होंने 80 साल तक यह शब्द नहीं सुना था और दावा किया कि यह उन्हीं लोगों का इजाद (गढ़ा) किया हुआ शब्द है जो खुद मुल्क के अंदर नफरत पैदा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'हम मुसलमानों से कहते हैं कि अपनी बच्चियों के लिए ज्यादा से ज्यादा तादाद में अलग स्कूल खोलो ताकि मुसलमानों पर लव जिहाद का आरोप लगाकर इसकी आड़ में उनकी बेटियों के साथ गलत करने की कोशिश करने वाले लोगों को रोका जा सके।'

## महापरिनिर्वाण दिवस के मौके पर आयोजित किया रक्तदान शिविर

हुब्बल्ली। शहर के जनविकास प्रतिष्ठान की ओर से बाबा साहब डॉ बीआर अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के मौके पर बुधवार को राष्ट्रोत्थान ब्लड सेन्टर के सहयोग से विद्यानगर स्थित अयप्पास्वामी मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सैंकड़ों लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में अंकित बागरेचा, सुनीता शाह, डॉ अजय कुराहट्टी, नवरतन शाह सहित प्रशासक दत्तमूर्ति कुलकर्णी, ब्लड बैंक के सदस्य विनोद पटवा, भारती कलल, सिद्धू अंगड़ी आदि उपस्थित थे।

### सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के जय कर्नाटक संगठन द्वारा लग्गेरे में कर्नाटक राज्योत्सव व बाबासाहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। युवाओं ने उत्साह से रक्तदान किया। मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया।

## कर्म निर्जरा का श्रेष्ठ माध्यम है जिनवाणी श्रवण व आचरण : साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के तुमकूर रोड स्थित श्री चंद्रप्रभ स्वामी दिगंबर तीर्थ पिंच्छी मंदिर में साध्वी भव्यगुणाश्री ने कहा कि जीवन उसी का सार्थक होता है जो प्रभु की वाणी को श्रवण मात्र नहीं अपितु वचनों को अपनी आत्मा के भीतर उतार लेता है। जब तक हम प्रभु के वचनों को सुनने के बाद उस पर चिंतन-मनन नहीं करेंगे हमारे जीवन में बदलाव नहीं आ पाएगा। जिसने जिनवाणी को आत्मा से अंगीकार कर लिया उसका पूरा जीवन ही धर्म व भक्तिमय होकर सार्थक हो गया। जिनवाणी कर्म निर्जरा का श्रेष्ठ माध्यम है इसलिए प्रतिदिन जिनवाणी सुनने का लक्ष्य अवश्य रखना चाहिए।

साध्वी शीतलगुणाश्री ने कहा कि जिसमें अक्षर कम ओर भाव अधिक होते है उसे मंत्र कहते है, इसलिए प्रभु का नाम किसी मंत्र से कम नहीं है। प्रभु यानी परमात्मा का नाम लेने मात्र से व्यक्ति के मनोरथ सिद्ध हो जाते है। व्यक्ति को शांति मरने के बाद नहीं, जीते जी प्राप्त करनी होगी। मरने के बाद मिलने वाली शांति आत्मा के कल्याण के लिए सार्थक नहीं होती। हमें जीते जी भगवान से प्रेम करना होगा। प्रभु नाम की महिमा को समझ कर उसे अपने जीवन में उतार लिया तो हमारी जिंदगी सार्थक हो जाएगी। पारस भंसाली व सुनील कुंकलोल ने बताया कि साध्वीवृंद शुक्रवार को आगम मंदिर तुमकूर पहुंचेंगी।

## रेल पहिया कारखाना में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। रेल पहिया कारखाना में संस्थान के महाप्रबंधक आर राजगोपाल की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी विभागाध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक में विभागवार राजभाषा प्रगति की समीक्षा की गई। महाप्रबंधक ने रेल पहिया कारखाना में हिंदी के प्रयोग-प्रसार की सराहना की और दैनिक कार्यों में सरल हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया एवं अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को हिंदी में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कारखाना को राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु रेल मंत्री राजभाषा ट्रॉफी से सम्मानित किए जाने पर सभी को बधाई दी। मुख्य राजभाषा अधिकारी व प्रधान मुख्य इंजीनियर विपिन कुमार ने महाप्रबंधक एवं सभी विभागाध्यक्षों का स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही राजभाषा हिंदी का प्रचार-प्रसार संभव है एवं सभी का सहयोग आवश्यक है। राजभाषा अधिकारी एस.सविता ने संचालन किया।

## 'अपने-अपने राम' कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर

### आगामी 13 व 14 जनवरी को होगा कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




बेंगलूरु। शहर के वनबंधु परिषद बेंगलूरु चैप्टर एवं महिला चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में 13 एवं 14 जनवरी को पैलेस ग्राउंड स्थित त्रिपुरावासिनी सभागार में 'अपने अपने राम' कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर चल रही है। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक वैभव गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में युगवक्ता व कवि कुमार विश्वास अपने 35 सदस्यीय टीम के साथ अपनी प्रस्तुति देंगे। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीरामलल्ला विराजित होंगे और इसी परिदृश्य को कुमार विश्वास अपनी राम कथा के माध्यम से जीवन्त करेंगे। यह कार्यक्रम बेंगलूरुवासियों को अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन के परिदृश्य को देखके का मौका मिलेगा। कार्यक्रम की सह संयोजिका सबिता अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक एम्बेसी ग्रुप है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां विभिन्न स्तरों पर चल रही है। विभिन्न हिस्सों से इस कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए फोन आ रहे है। दर्शको की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए इस कार्यक्रम में प्रवेश सिर्फ डोनर पास के माध्यम से रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारियों में रमेश अग्रवाला, हाथीमल बैद, मधु अग्रवाल, सुरेंद्र गोयल सहित अनेक वरिष्ठ सदस्य अपनी टीम के साथ जुटे हुए हैं।




## चक्रवात के दौरान 'एसपीआर सिटी' के निवासी रहे सुरक्षित

### निवासियों ने निर्माण कंपनी के प्रबंधन का आभार व्यक्त किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां 5 दिसंबर को आए चक्रवात मिचौंग के दौरान पेरंबूर बैरक रोड स्थित आवासीय परिसर 'एसपीआर सिटी' इससे अप्रभावित रही। चक्रवात के दौरान एसपीआर सिटी के आवासीय टावरों में लगभग 200 परिवार थे।

इन परिवारों ने सुनिश्चित किया है कि वे सुरक्षित रहें और आपदा के दौरान कारों व दोपहिया वाहनों जैसे उनके सामान भी अच्छी तरह से सुरक्षित रहें।

बताया गया कि इस इलाके के प्रमुख आवासीय क्षेत्र बाढ़, जल जमाव और भूमिगत पार्क किए गए वाहन क्षति से प्रभावित हुए। वहीं, एसपीआर सिटी अपने बेसमेंट और जमीनी स्तर की पार्किंग के साथ बाढ़ से मुक्त रही।

बताया गया कि चेन्नई में चक्रवात और बाढ़ जैसी प्रतिकूल मौसम स्थितियों के दौरान एसपीआर सिटी निवासियों के लिए एक सुरक्षित निवास स्थान बनी हुई है। निवासियों ने अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्माण कंपनी के प्रबंधन का आभार व्यक्त किया है।



## 'स्वार्थ के कारण हो रही है मानवता तार-तार'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

राणेबेन्नूर। शहर के सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर संघ के तत्वावधान में आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी की निश्रा में मुनि मेरुपद्मसागरजी एवं अर्हमपद्मसागरजी ने प्रवचन में कहा कि मनुष्य की अखंडता को यदि किसी ने तार तार किया है तो वह शक्ति है स्वार्थता। मनुष्य स्वार्थान्घ होकर दूसरों को निचोडकर उनके खून का प्यासा हो रहा है। स्वार्थ के लालच में धर्म विरोधी कृत्यों से हिचकिचाता नहीं है। अपनों को जलील कर रहा है, अपनों को अपमानित कर रहा है। कुछ मनुष्य अपवाद भी हो सकते है। कोई देशवासी दूसरे को देशवासी की तरह नहीं देखता, कोई इन्सान दूसरे को इन्सान की तरह नहीं देखता और कोई धर्मी दूसरे को समान श्रर्मी की तरह नहीं देखता। जैसे कि जैन बल्कि उसका अंदर ही अंदर अहित करना चाहता है। यह राक्षसी भाव है। दूसरों का अहित कर अपना हित साधना यह बात हर दिल में है। उनको धन के आगे देश छोटा लगता है, उनको धन के आगे इन्सान छोटा लगता है और उनके धन के आगे धर्म छोटा लगता है। आज स्वार्थ की पकड़ मजबूत होने के कारण - मानवता, राष्ट्रप्रेम, जीव मैत्री की भावना विषादग्रस्त हुई जा रही है।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.